# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 13 दिसंबर 2023



मध्यप्रदेश शासन

एमपी के मन में मोदी



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जन-जन का आभार

आपने चुनी डबल इंजन सरकार

मध्यप्रदेश की नवनिर्वाचित सरकार का

शपथ ग्रहण समारोह

13 दिसम्बर, 2023
पूर्वाह्न 11:30 बजे

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल



डॉ. मोहन यादव
नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11153/23

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

एसपीजी के हैलीकॉप्टर से देखी सुरक्षा



हैलीपेड बनाए जा रहे



डोम हो रहा तैयार



पुलिस देख रही सुरक्षा-व्यवस्था



## मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री से 15 मिनट पहले पहुंचेंगे शाह-नड्डा, एसपीजी ने संभाला मोर्चा

# आज मोहन संभालेंगे प्रदेश की सत्ता

## मोती लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहीं जोरों से तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मनोनीत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण कर प्रदेश की सत्ता संभाल लेंगे। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा कार्यक्रम स्थल पर पीएम नरेन्द्र मोदी से 15 मिनट पहले पहुंच जाएंगे। पीएम मोदी सुबह 11 बजे भोपाल एयरपोर्ट और 11.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगे। वहीं केंद्रीय मंत्री शाह और पार्टी अध्यक्ष नड्डा सुबह 10.50 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी सुबह 11 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 11.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगे।

### केंद्रीय मंत्री राजनाथ और गड़करी 11:30 बजे पहुंचेंगे

### यह मुख्यमंत्री आएंगे

कार्यक्रम में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल, मणिपुर सीएम एन बीरेन सिंह, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो, उप मुख्यमंत्री वाई पैटन, मेघालय के सीएम कोनराड के. संगमा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी शामिल होंगे।

### एसपीजी ने संभाला मोर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की भोपाल यात्रा के मद्देनजर एसपीजी ने मोर्चा संभाल लिया। इसके साथ ही मोती लाल नेहरु स्टेडियम के आसपास दोपहर बाद से ही हैलीकॉप्टर मंडराते रहे ।

## मनोनीत सीएम यादव, चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारियां जोरों पर है। बुधवार को लाल परेड ग्राउंड में डॉ. मोहन यादव एमपी के सीएम पद की शपथ लेंगे। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में दोपहर 12 बजे यह कार्यक्रम होगा, इसके लिए तेजी से तैयारी की जा रही है। शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व मंगलवार शाम 7 बजे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, निवृत्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद लाल परेड ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी मौजूद रहे।



### 'लाड़ली बहना' पर ये बोले मोहन...

#### जो अच्छी योजनाएं होंगी, उन्हें जारी रखेंगे

पत्रकारों ने मोहन यादव से पूछा कि क्या वह सरकार संभालने के बाद लाड़ली बहना योजना को जारी रखेंगे? उनका जवाब था, 'मैं देखूंगा, कि योजना चलेगी या नहीं। जो अच्छी योजनाएं होंगी, उन्हें हम जारी रखेंगे।'

### मेरी जिम्मेदारी है कि आयोजन की व्यवस्थाएं ठीक हो: शिवराज

*मप्र के निर्वतमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और अलग अलग राज्यों के मुख्यमंत्री व विशेष अतिथि यहां आ रहे हैं और मैं अभी कार्यवाहक मुख्यमंत्री हूं तो मेरी जिम्मेदारी है कि यहां आयोजन की व्यवस्थाएं ठीक हों, इसलिए देखने आया हूं।*

## लाल परेड सहित राजधानी की बदली रहेगी यातायात व्यवस्था इन मार्गों पर जाने से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोती लाल नेहरू स्टेडियम पर मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को होगा। यातायात की सुविधा के लिए सुबह 9 बजे से लाल परेड मैदान के आसपास यातायात परिवर्तित रहेगा। इस दौरान लिली टॉकीज चौराहा से लाल परेड मैदान, रोशनपुरा, पॉलीटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा और कोर्ट चौराहे से लाल परेड मैदान की ओर सामान्य यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।



### यह सड़क रहेगी बंद

*लिली टॉकीज चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, रोशनपुरा चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, पॉलीटेक्निक चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, बाणगंगा चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, कोर्ट चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर सामान्य यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।*

*रोशनपुरा चौराहा से भारत टॉकीज की ओर एवं टीटी नगर से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन (दो-पहिया, चार पहिया, एवं लोक परिवाहन) अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-एक से होते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहा, डीबी सिटी, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस के सामने, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक, मैदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदापुल से होकर भारत टॉकीज होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।*

*भारत टाकीज से रोशनपुरा की ओर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से टीटी नगर, न्यू मार्केट की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन (दो-पहिया, चार पहिया एवं लोक परिवहन) भारत टॉकीज से पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, मैदा मिल तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक, ईओडब्ल्यू आफिस के सामने, बीएसएनएल तिराहा, प्रेस काम्प्लेक्स, डीबी माल, बोर्ड ऑफिस चौराहा से होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।*

### कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

*वीआइपी (विधायक गण)- कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वीआइपी वाहनों की पार्किंग एमवीएम मैदान, एमएलए रेस्ट हाउस एवं जेल मुख्यालय परिसर में रहेगी।*

*ग्वालियर, गुना से राजगढ़-ब्यावरा होकर आने वाले कार्यकर्ताओं के दो पहिया/चार पहिया वाहन लालघाटी चौराहा से वीआइपी रोड, पॉलीटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा होकर टीटी नगर दशहरा मैदान पहुंचकर पार्क किए जा सकेंगे।*

*इंदौर, उज्जैन, देवास से सीहोर होकर आने वाले कार्यकर्ताओं के दो पहिया/चार पहिया वाहन लालघाटी चौराहा से वीआइपी रोड, पोलीटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा होकर टीटी नगर दशहरा मैदान पहुंचकर पार्क किए जा सकेंगे।*

*सागर, जबलपुर, होशंगाबाद, बैतूल से होकर आने वाले कार्यकर्ताओं के दो पहिया/चार पहिया वाहन होशंगाबाद रोड से व्यापमं चौराहा होकर 1250 चौराहा से होकर शौर्य स्मारक रोड (ठण्डी सड़क) पहुंचकर पार्क किए जा सकेंगे।*

*विदिशा, बैरसिया होकर पुराने शहर से आने वाले कार्यकर्ताओं के दो पहिया/चार पहिया वाहन भारत टॉकीज के पास सेन्ट्रल लाइब्रेरी मैदान में पार्क किए जा सकेंगे।*

शहर में चला 72 घंटे का विशेष सफाई अभियान

## नगरीय प्रशासन कमिश्नर शहर में घूमे और खुद देखा स्वच्छता अभियान

*भोपाल। लाल परेड ग्राउंड पर बुधवार को मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होना है। इसको लेकर नगर निगम ने नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के पीएस नीरज मंडलोई के निर्देश पर विगत दिवस 72 घंटे का विशेष सफाई अभियान शुरू किया था, जो मंगलवार को भी पूरे शहर में चलता रहा। इस अभियान की समीक्षा के भी निर्देश पीएस ने दिए थे। इसके तहत विभाग के कमिश्नर भरत यादव ने मंगलवार शाम को सफाई की वीसी के जरिए समीक्षा की और शहर के कई हिस्सों का दौरा भी किया। इस वीसी में नगर निगम आयुक्त सहित सभी अधिकारी शामिल हुए। कमिश्नर भरत यादव ने हरिभूमि को बताया कि उन्होंने समीक्षा करने के पहले शहर के कई क्षेत्रों का भ्रमण भी किया, जिससे सफाई व्यवस्था का आंकलन किया जा सके। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जिन रास्तों से वीवीआईपी गुजरेंगे, उसके आसपास डामरीकरण व सफाई व्यवस्था चाकचौबंद की गई है। लिंक रोड नंबर एक सहित सभी प्रमुख सड़कों के दोनों तरफ लगे पेड़ों की टहनियां भी काटी गई हैं। पीएम व कई वीवीआईपी आगमन को लेकर चले विशेष सफाई अभियान पूरे शहर में सोमवार शाम को शुरू किया गया था। खासतौर पर एयरपोर्ट से लालघाटी, वीआईपी रोड, पॉलिटेक्निक रोड होते हुए लाल परेड ग्राउंड तक निगम का पूरा अमला लगा रहा। निगम की स्विपिंग मशीनों के जरिए वीआईपी रोड समेत अन्य सड़कों से धूल साफ की गई और सड़कों पर पॉलिटेक्निक चौराहे से लेकर राजभवन तक डामरीकरण किया गया। इसके अलावा अन्य सड़कों पर भी डामरीकरण किया जा रहा है।*

- वीसी के जरिए पीएस यादव ने की अभियान की समीक्षा
- शपथ ग्रहण को लेकर नगर निगम ने चलाया पूरे शहर में सफाई अभियान
- सौंदर्यीकरण के साथ ही सड़क की तरफ झुक रहे पेड़ों की डालियों को भी काटा



दिनभर चलता रहा मुलाकातों का दौर

## मनोनीत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से मिलने पहुंचे तोमर, यादव, झा समेत कई नेता

भोपाल। मध्य प्रदेश के मनोनीत सीएम मोहन यादव से मुलाकात का दौर दिनभर चलता रहा। सबसे पहले वीआईपी रेस्ट हाउस में कमलनाथ ने मुलाकात की। नाथ ने कहा कि विपक्ष की भूमिका के साथ सीएम का साथ देंगे। इसके बाद फौरन ही सीएम मोहन यादव पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मिश्रा कॉलेज के दिनों के मित्र हैं। उन्हें संसदीय कार्यों का अनुभव रहा है। फिर यादव अपने बंगले पर दिनभर समर्थक और विधायकों ने मुलाकात करते रहे। विधायक कृष्णा गौर, गायत्री राजे पवार ने बधाई दी। दोपहर पूर्व सीएम उमा भारती से मिलने पहुंचे। यादव का भारती ने मुंह मीठा करते हुए बधाई दी। मोहन यादव ने सीनियर नेता से बधाई के साथ पैर छूकर आशीर्वाद लिया। विधायक उमाकांत शर्मा और हुकुम सिंह कराड़ा से भी मिले। इसके बाद देर विधायक और स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और प्रभात झा से मिलने के लिए बंगले पर पहुंचे।







### महापौर व निगम अध्यक्ष ने विशेष सफाई अभियान में भाग लिया

राजधानी में 72 घंटे के सफाई अभियान में मंगलवार को महापौर मालती राय व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भाग लिया। महापौर ने अभियान के तहत 10 नंबर मार्केट अरेरा कालोनी क्षेत्र में सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, पार्षद शिखा गोहल व अन्य लोग मौजूद थे। जबकि निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने राहुल नगर स्थिति मल्टी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया।



### डॉ. मोहन का यादव समाज ने किया स्वागत, केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार

भोपाल। यादव समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व अभार जाताया । अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उज्जैन दक्षिण से विधायक डॉ. मोहन यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने से यादव समाज के लोगों खुशी की लहर है। समाज के लोगों ने भाजपा वरिष्ठ नेतृत्व के इस फैसले का स्वागत किया है।



### बसों के मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था

- ग्वालियर, गुना से राजगढ़-ब्यावरा से आने वाले कार्यकर्ताओं की बसें वीआईपी रोड, पॉलीटेक्निक चौराहा स्मार्ट रोड पर पार्क कर सकेंगे।
- इंदौर, उज्जैन, देवास से सीहोर होकर आने वाले कार्यकर्ता की बसें लालघाटी चौराहा से वीआइपी रोड, पोलीटेक्निक चौराहा स्मार्ट रोड पर पार्क कर सकेंगे।
- सागर, जबलपुर, होशंगाबाद, से आने वाले वाले कार्यकर्ताओं की बसें होशंगाबाद रोड से बोर्ड आफिस चौराहा होकर विधानसभा रोड एवं मत्रांलय से विधानसभा ऑनस्ट्रीट पार्किंग पर पार्क कर सकेंगे।

## स्टेट गैरेज ने तैयार की सीएम और डिप्टी सीएम के काफिले की गाड़ियां, मंत्रियों को करना होगा इंतजार

### जेड प्लस से ज्यादा सीएम मोहन यादव की सुरक्षा, डिप्टी सीएम को वाई कैटेगरी की मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में नए मुख्यमंत्री के काफिले के लिए स्टेट गैरेज ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके अलावा उपमुख्यमंत्रियों के लिए भी सरकारी वाहन तैयार किए गए हैं। साथ ही मंत्रियों के लिए भी वहां की तैयारी पूरी हो चुकी है। हालांकि शपथ से पहले मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम को ही गाड़ियां एलॉट हो जाएगी।

मंत्रियों के लिए फिलहाल अभी समय है। जैसे ही घोषणा होगी स्टेट गैरेज से गाड़ियां उनके आवास तक पहुंच जाएंगी। स्टेट गैरेज के अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद से ही गाड़ियों को तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। डिप्टी सीएम और अन्य मंत्रियों के लिए कोई भी नई गाड़ी फिलहाल नहीं खरीदी गई है। वहीं उन्होंने कहा कि मंत्रियों के यहां अभी गाड़ियां नहीं भेजी जाएंगी, क्योंकि उनके नाम का ऐलान नहीं किया गया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा से जुड़े हुए अधिकारी ने बताया कि कल जैसे ही नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम की घोषणा हो गई थी। इसके बाद से ही पुलिस मुख्यालय के आदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। फॉलो वाहन से लेकर जवानों की संख्या में बढ़ोतरी की गई। डीएसपी रैंक के अधिकारी को भी सुरक्षा में शामिल किया गया।



मंगलवार को सिक्योरिटी रिव्यू करते हुए दो दर्जन से अधिक जवान लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य जवानों की सुरक्षा भी ड्यूटी में लगाई गई है। भोपाल की विंध्य कोठी से लेकर उज्जैन के निजी आवास में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया गया है। मेटल डिटेक्टर से लेकर अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों को ध्यान में रखते हुए सिविल वर्दी में भी जवान तैनात किए गए हैं।

### वीआईपी ड्यूटी में तैनात एएसआई की दुखद मौत

*भोपाल। कोहिफिजा डीसीपी जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत वीआईपी रोड कोहेफिजा तिराहा सेल्फी पॉइंट के सामने शाम 6 बजे करीब थाना वीवीआईपी ड्यूटी में आए एएसआई कैलाश चंद्र शर्मा पिता मूलचंद शर्मा उम्र 61 वर्ष निवासी यातायात थाना नीमच की एक हादसे में दुखद मौत हो गई। एएसआई शर्मा की तैनाती नीमच में थी और वे वीआईपी रोड पर पैदल पॉइंट चेक करते समय किसी वाहन के टक्कर मारने से नाक में और कान में एवं सिर पर चोट लग गई। नजदीकी अस्पताल में ले जाने पर डॉक्टर ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 13 दिसंबर 2023






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: BHOPAL:** RENAULT Bhopal New Mob: +91 9289220870. **AGAR:** RENAULT Agar Mob: +91 9311700681. **ANUPPUR:** RENAULT Anuppur Mob: +91 9289357271. **BALAGHAT:** RENAULT Balaghat Mob: + 91 9667215170. **BETUL:** RENAULT Betul Mob: +91 9311700682. **CHHATARPUR:** RENAULT Chhatarpur Mob: +91 7603868297. **CHHINDWARA**: RENAULT Chhindwara Mob: +91 9667215285. **DAMOH:** RENAULT Damoh Mob: +91 9289263623. **DEWAS:** RENAULT Dewas Mob: + 91 9667214750. **GUNA:** RENAULT Guna Mob: +91 7838104991. **GWALIOR:** RENAULT Gwalior City Mob: +91 8448383235. **INDORE:** RENAULT Indore (Dewas Naka) Mob: +91 7428190241, RENAULT Indore East Mob: +91 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT Jabalpur (Karmeta) Mob: +91 7290014986, RENAULT Jabalpur West Mob: +91 7291980314. **KATNI:** RENAULT Katni Mob: +91 9289279578. **NARSINGHPUR:** RENAULT Narsinghpur Mob: +91 9667215199. **NEEMUCH:** RENAULT Neemuch Mob: +91 9667214785. **MANDSAUR:** RENAULT Mandsaur Mob: +91 9667214917. **REWA:** RENAULT Rewa Mob: +91 8376903071. **SAGAR:** RENAULT Sagar Mob: +91 9311340949. **SATNA:** RENAULT Satna Mob: +91 7290094892. **SHAHDOL:** RENAULT Shahdol Mob: +91 7029805696. **SIDHI:** RENAULT Sidhi Mob: +91 8376904710. **UJJAIN:** RENAULT Ujjain Mob: +91 9667214881.



मनोनीत डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के 5 नंबर स्टॉप पर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर पताका लगाया व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।



मनोनीत उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से उनके आवास जाकर सौजन्य भेंट की।



निवृत्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मनोनीत उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सौजन्य भेंट की।



विधायक जगदीश देवड़ा को उप मुख्यमंत्री मनोनीत करने पर जीनगर समाज ने साफा पहना और स्मृति-चिन्ह देकर मिष्ठान खिलाकर स्वागत सत्कार किया।

## वोरा, पटवा, जोशी और गौर के बाद चौहान को मिला यह आवास

# श्यामला हिल्स से 74 बंगले में शिफ्ट होंगे शिवराज, बी-8 पर पहुंचने लगा सामान

### उमा, दिग्विजय और कमलनाथ अभी श्यामला हिल्स में मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद मोहन यादव के नाम का एलान हो गया। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को जाकर इस्तीफा दे दिया।

अब चौहान फिर बड़े तालाब किनारे श्यामला हिल्स स्थित सरकारी बंगले को छोड़ लिंक रोड नंबर-1 स्थित 74 बंगले में शिफ्ट होंगे। उनके बंगले का नंबर बी-8 हैं। इस बंगले में साज-सज्जा और निर्माण कार्य एक साल पहले से पूरे कर लिए गए हैं। इसके साथ वाले बंगले को दीवार को तोड़कर उसे भी मिला लिया गया है।

शिवराज ने कहा कि वे जल्द ही अधिकृत सीएम हाउस खाली कर देंगे। इससे पहले ही जरूरी कुछ सामान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान श्यामला हिल्स से नीचे आकर रहने वाले 5वें पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। इसके पहले मोतीलाल वोरा, सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी और बाबूलाल गौर 74 बंगले में शिफ्ट हुई थे। अभी प्रदेश के तीन पूर्व सीएम श्यामला हिल्स पर ही रह रहे हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शामिल है। तीनों के सरकारी बंगले श्यामला हिल्स पर ही है।

पूर्व सीएम चौहान 2018 तक श्यामला हिल्स पर रह रहे थे। इसके बाद कांग्रेस सरकार बनने पर वह बी-8 बंगले में शिफ्ट हुए थे।



#### 2005 में अलॉट हुआ था बी-8 बंगला

शिवराज सिंह चौहान को 74 बंगला स्थित बी-8 बंगला दिग्विजय सिंह की सरकार में सांसद बनने पर अलॉट हुआ था। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बनने पर मुख्यमंत्री निवास में शिफ्ट हो गए थे। इसके बाद से वह 2018 तक श्यामला हिल्स पर ही रह रहे थे। इस बीच कांग्रेस की सरकार बनने पर वह अपने बी-8 बंगले में शिफ्ट हो गए थे। 2020 में दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर श्यामला हिल्स पर ही रह रहे।

#### लक्ष्मीनिवास के तौर पर कहा गया था शिवराज का बंगला

जानकारों का कहना है कि मप्र और छत्तीसगढ़ का विभाजन नहीं हुआ था। इस दौरान मंत्री सत्यनारायण शर्मा को बी-8 अलॉट किया गया था। शर्मा के रहते बंगले को लक्ष्मीनिवास कहा जाने लगा। इस बंगले से कोई खाली हाथ नहीं लौटता था। हालांकि इससे पहले शिवराज सिंह ने ओम प्रकाश सकलेचा के बंगले में शिफ्ट होने की इच्छा जताई। फिर पूर्व सीएम पीसी सेठी और केंद्रीय मंत्री रही सुषमा स्वराज की मौत इसी बंगले के अलॉट रहते हुई थी। अपशगुन के चलते फिर पूर्व सांसद नंद कुमार चौहान के बंगले को ही मर्ज किया गया।

## मीटर रीडिंग में लापरवाही, 18 मीटर वाचक बर्खास्त

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नवंबर महीने में उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने के आरोप में 18 मीटर वाचकों को सेवा से बर्खास्त कर 127 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया है। वहीं 78 मीटर वाचकों को कार्य में लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी गई है। कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि उपभोक्ताओं के परिसर पर एक्युरेसी के साथ मीटर वाचन होना चाहिए और मीटर रीडिंग के आधार पर ही बिल दिया जाए। साथ ही मीटर वाचकों के कार्य की निष्ठा एप के द्वारा निगरानी रखकर लापरवाही बरतने पर उन्हें बर्खास्त किया जाए। मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने पर राजगढ़ में 1, भोपाल में 6, भिण्ड में 1, अशोक नगर में 1, ग्वालियर में 5, नर्मदापुरम में 1, दतिया में 1, शिवपुरी में 1 एवं बेतुल में 1 आउटसोर्स मीटर वाचक को बर्खास्त किया गया है।

■ 127 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया

## कांग्रेस के विधायक दल की बैठक कल, चुना जाएगा नेता प्रतिपक्ष

विपक्ष के नेता की दौड़ में अजय बच्चन, सिंघार और रावत आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16वीं विधानसभा के लिए कांग्रेस गुरुवार को अपना विधायक दल का नेता चुनेगी। इसके लिए सभी विधायकों को भोपाल बुलाया गया है। विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस के विधायक दल की बैठक गुरुवार 14 दिसंबर को होगी। बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और स्क्रूटनी कमेटी के चेयरमैन भंवर जितेंद्र सिंह भी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

इसमें 16वीं विधानसभा के लिए कांग्रेस के विधायक दल के नेता का किया जाएगा। जानकारी के अनुसार पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन, पूर्व मंत्री उमंग सिंघार और विधायक राम निवास रावत के नाम चर्चा में हैं। इनमें से किसी एक को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। बता दें कि अजय सिंह पूर्व में दो बार नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं, जबकि बाला बच्चन भी उप नेता प्रतिपक्ष का जिम्मा विधानसभा में संभाल चुके हैं। राम निवास रावत ओबीसी वर्ग से आते हैं और संसदीय कार्यवाही के अच्छे जानकर माने जाते हैं। उमंग सिंघार युवा चेहरे आदिवासी वर्ग से आते हैं और राहुल गांधी के करीबी कहलाते हैं।

### राहुल के करीबी विधायक पर भी कांग्रेस लगाएगी दांव, हार के बाद सुरजेवाला और भंवर आएंगे भोपाल







#### ओबीसी वर्ग को मिल सकता है मौका

मध्य प्रदेश की राजधानी इस वक्त ओबीसी वर्ग के इर्द-गिर्द घूम रही है। भारतीय जनता पार्टी ने भी ओबीसी चेहरे पर ही दांव लगाया है। बीजेपी ने मोहन यादव को अपना विधायक दल का नेता चुना है जो बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। ऐसे में कांग्रेस भी किसी ओबीसी चेहरे को ही नेता प्रतिपक्ष चुन सकती है। ओबीसी चेहरे को प्राथमिकता दी गई तो रामनिवास रावत नेताप्रतिपक्ष की रेस में बाजी मार सकते हैं।

#### पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद भी हारे

15वीं विधानसभा में कांग्रेस में डॉ. गोविंद सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनाया था, लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में वह चुनाव हार गए हैं। ऐसे में कांग्रेस को इस पद के लिए अब किसी नए चेहरे की तलाश है। 2020 में कांग्रेस की सरकार गिरने पर कांग्रेस सत्ता से सीधे विपक्ष में आ गई थी। ऐसे तब डॉक्टर गोविंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था।

## तहसील दफ्तरों के आईटी सेंटर होंगे बंद, लोकसेवा केंद्र से ही मिलेंगे खसरा, नक्शा

**भोपाल।** किसानों को आईटी सेंटरों से खसरा बी-वन की नकल सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज दिए जाते थे, लेकिन अपर आयुक्त भू-अभिलेख विभाग ने अब इन आईटी सेंटरों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

प्रदेश में राजधानी सहित 31 जिलों में चल रहे यह सेंटर अब खसरा और बी-वन जैसे दस्तावेजों की नकल नहीं देंगे। इसके साथ इन केंद्रों पर पांच साल का रिकार्ड भी दिया जाता था, लेकिन अब यह रिकार्ड लेने के लिए लोक सेवा केंद्र में आवेदन करना पड़ेगा। वर्तमान में 31 जिलों में आईटी सेंटर संचालित किए जा रहे थे। यह केंद्र पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत यह सेंटर तहसील दफ्तरों में चलाए जा रहे थे। जिन्हें अब बंद किया जाएगा।

दरअसल इन केंद्रों से किसानों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इधर, बूट मॉडल पर आधारित इन सेंटरों का टेंडर भी 31 अगस्त को खत्म हो गया था। आदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रायसेन, राजगढ़ रीवा, सागर, सीहोर, सिवनी, शाजापुर, शिवपुर उज्जैन, विदिशा, अलीरापुर, बालाघाट, बैतूल, भिंड, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, डिंडोरी, ग्वालियर, हरदा, झाबुआ, खंडवा, खरगौन, मंडला, मुरैना, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर के सेंटर्स को बंद करने के निर्देश कलेक्टर्स को दिए गए हैं।

## मनोनीत सीएम को बधाई देना कांग्रेस के यादव को पड़ा महंगा, सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल

### मनोनीत सीएम मोहन के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका की भी लगाई तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के लिए एक शुभकामनाओं से भरा पोस्टर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर पोस्ट किया है। अरुण यादव ने अपनी इस पोस्ट में लिखा है कि उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव को प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर सुशोभित होने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। निश्चित रूप से आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए प्रतिमान स्थापित करेगा।



बता दें कि उन्होंने अपने इस ट्वीट में कांग्रेस की सीनियर लीडर सोनिया गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की फोटो का उपयोग किया है। साथ में उन्होंने अपने भाई सचिन यादव का भी फोटो इसमें लगाया है।

इस पोस्टर में अरुण के पिता और मध्य प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम स्वर्गीय सुभाष यादव का भी फोटो लगाया गया है। कांग्रेस के सभी नेताओं के बीच मध्य प्रदेश के नए मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव का पोस्टर लगाकर उन्हें बधाई संदेश दिया गया है।

#### यह कमेंट आए- भाजपा के सीएम हैं कांग्रेस के नहीं

यादव के पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुए। जिस पर नितेश शर्मा नाम के एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है कि कुछ ज्यादा बधाई नहीं हो गई? ये भाजपा के मुख्यमंत्री हैं कांग्रेस के नहीं। वहीं रोहित सिंह यादव नाम के यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि आगे लोकसभा चुनाव है। अरुण यादव को बिना देर किए मप्र कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित करना चाहिए। सागर प्रजापति नाम के एक यूजर ने लिख दिया कि मैं मानता हूं कि कांग्रेस में भी इसी तरह आप जैसे नेताओ को मौका देना चाहिए।

## भोपाल बार एसोशिएशन चुनाव का मुकाबला हुआ रोचक अध्यक्ष सहित सचिव पद के लिए हुए छह नामांकन जमा

आठ जनवरी को ईवीएम से पहली बार होना है चुनाव

संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल जिला अभिभाषक संघ के बार चुनाव का माहौल रोचक मोड़ पर आ गया है। मंगलवार को चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जितिन राठौर सहित चार अन्य प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा किए।

नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद सहित सचिव के लिए छह उपाध्यक्ष के लिए छह, सहसचिव के लिए सात, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के लिए पांच नामांकन जमा हुए। प्रत्याशियों ने वकीलों के बीच अपने जनसम्पर्क में कमर कस ली है।





#### छंटनी और चुनाव की ये होगी तारीख

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की छंटनी होगी एवं 19 दिसंबर तक पत्रों जांच की जाएगी। 20 एवं 21 दिसंबर तक नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गई है। आगामी 22 दिसंबर को अंतिम प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन होगा। टेंडर वोटिंग की तारीख 4 एवं 5 जनवरी तय होने के साथ 8 जनवरी को जिला न्यायालय परिसर में चुनाव होंगे।

मध्यप्रदेश में पहली बार किसी अधिवक्ता संघ के चुनावों में ईवीएम से चुनाव होंगे। इस पद्धति को लेकर प्रत्याशियों एवं मतदाताओं में रोचकता बनी हुई है। पारदर्शित एवं त्वरित चुनाव परिणाम इस बार एसोसिएशन की खासियत होगी।
**रविंद्र तिवारी,** मुख्य चुनाव अधिकारी

#### परिणाम जल्द मालूम होंगे

मध्यप्रदेश में पहली बार ईवीएम से जिला अभिभाषक संघ भोपाल के आठ जनवरी को होने वाले चुनावों ईवीएम वोटिंग होगी। अध्यक्ष पद के दावेदार अभिभाषक जितिन राठौर के अनुसार प्रदेश में पहली बार ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। इससे मतदान में पारदर्शिता होगी। पारदर्शिता के साथ वोटिंग परिणाम सटीक होने के साथ जल्द घोषित हो सकेंगे।

#### इन पदों के लिए होंगे चुनाव इतनी हुई दावेदारी

- वरिष्ठ पुरुष कार्यकारिणी सदस्य के लिए 28
- कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 20
- वरिष्ठ एवं कनिष्ठ महिला कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल 7 आवेदन जमा हुए

### महू के बड़गोंदा का किसान पहुंचा बांड की कीमत जानने कलेक्टर के पास

## 98 साल पुराना द बॉन्ड ऑफ द्वारकेश यूनिटी मिला, इसकी मौजूदा कीमत 1448 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महू के बड़गोंदा गांव का किसान गेंदालाल दसाना इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के पास 98 साल पुराना बॉन्ड लेकर पहुंचा। यह बॉन्ड उसके परदादा ने खरीदा था। इतना पुराना बॉन्ड देखकर कलेक्टर भी चौंक गए। गेंदालाल ने कलेक्टर से निवेदन किया कि उसके बांड की जानकारी जुटाकर उसे वह राशि दिलाने में मदद की जाए जो उसके परदादा ने इस बॉन्ड में निवेश की थी।

बॉन्ड को देखकर इंदौर कलेक्टर भी चौके, अंग्रेजों के जमाने में लांच किया गया था



#### बॉन्ड बहुत सुरक्षित, सरकार की गारंटी

अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए सरकार बॉन्ड जारी करती है। इनके जरिए निवेशकों से धन जुटाया जाता है। बॉन्ड की मैच्योरिटी की अवधि एक से 30 साल तक हो सकती है। अगर निवेश के नजरिए से देखा जाए तो बॉन्ड को बहुत सुरक्षित माना जाता है। खासकर सरकारी बॉन्ड बहुत सुरक्षित है। कारण यह है कि इनमें सरकार की गारंटी होती है। बॉन्ड जमा करने के बाद निवेश की हुई राशि ब्याज समेत वापस ली जा सकती है।

#### परदादा ने खरीदा था बॉन्ड साफ-सफाई के दौरान मिला

बॉन्ड पर द बॉन्ड आफ द्वारकेश यूनिटी लिखा है। बॉन्ड के बारे में यह जानकारी दी गई है कि इसे अंग्रेजों के जमाने में लांच किया गया था। गेंदालाल के पास इन बॉन्ड की अधिक जानकारी नहीं है वह बस इतना बता पाते हैं कि यह उनके परदादा ने खरीदा था। गेंदालाल का कहना है कि पुराने घर की साफ सफाई के दौरान उन्हें यह मिला। इसके साथ दादा और परदादा के जमाने के कुछ कागज भी रखे थे। परिचित लोगों ने सलाह दी कि कलेक्टर कार्यालय से इसकी जानकारी मिल सकती है, इसलिए मैं यहां पर आ गया। करीब 43 साल पहले उन्होंने मेवाड़ आयल एंड जनरल मिल्स लिमिटेड के 3500 शेयर खरीदे थे। हाल में जब उन्होंने इन शेयर की जानकारी ली तो पता चला कि इनकी कीमत 1148 करोड़ रुपए हो गई है। इससे पहले कई लोगों को इस तरह के बांड और शेयर बाजारों में निवेश के पुराने कागज मिले और वे करोड़पति बन गए। हाल ही में केरल के कोच्चि में रहने वाले बाबू जॉर्ज वालावी की खबर आई थी।

### कट्टरवादी संगठनों से खतरा

## भाजपा नेता जयभान सिंह को मिली जेड प्लस सिक्योरिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदूवादी व भाजपा नेता जयभान सिंह पवैया की सुरक्षा को बढ़ाया गया है। बताया जा रहा है कि पवैया को कट्टरवादी संगठनों से खतरा है। इंटेलिजेंस के इनपुट के आधार पर उनकी सुरक्षा बढ़ाकर जेड प्लस कैटेगरी की गई है। उनके वाहन के साथ फॉलो चलेगा और निवास पर राउंड द क्लॉक सुरक्षाकर्मी रहेंगे। इसके अलावा 6 पीएसओ आठ- आठ घंटे की शिफ्ट में रहेंगे।



जानकारी मिली थी कि राम मंदिर से जुड़े नेताओं को कट्टरवादी संगठनों से खतरा है। बता दें कि पवैया राममंदिर आंदोलन से जुड़े रहे है। इंटेलिजेंस को ऐसा इनपुट मिलने के बाद ये कदम उठाया गया है। बताया जाता है कि यह कदम इसलिए उठाया गया है, क्योंकि जनवरी माह में अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर को जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके मद्देनजर कट्टरवादी संगठन 1992 में बाबरी मस्जिद मामले में शामिल हिंदूवादी नेताओं के खिलाफ साजिश रच सकते हैं। बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और हिंदूवादी नेता जयभान सिंह पवैया भी राम मंदिर आंदोलन से जुड़े रहे हैं।

## मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए मिलकर काम करना होगाः ममतानी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का शीर्षक था, सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय। मुख्य वक्ता रूप में मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों का ध्यान रखना चाहिए। हमें दूसरों को अधिकार दिलाने के लिए भी आगे आकर मन से प्रयास करना होगा। मानव अधिकारों के संरक्षण पोषण और संवर्धन के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## भाजपा का गरिमामय समारोह आज मोहन यादव लेंगे सीएम पद की शपथ

मोदी, शाह, नड्डा, गडकरी, राजनाथ, योगी आदित्यनाथ सहित तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और एक डिप्टी सीएम भी आएंगे

मैं शपथ लेता हूं कि...

दो डिप्टी सीएम भी लेंगे शपथ

# ...आज से 'मोहन' सरकार

## नई सरकार का बुधवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे मोतीलाल नेहरु स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गठित होने वाली प्रदेश की नई सरकार का बुधवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे मोतीलाल नेहरु स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह होगा।

गरिमामय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मोहन यादव एवं उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। फिलहाल उप मुख्यमंत्री द्वय राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा साथ में शपथ लेंगे लेकिन अन्य मंत्रियों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ▶▶ शेष पेज 2 पर



भोपाल। देर रात कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा।

### उमा भारती से मिले मोहन यादव



नरोत्तम और मोहन मिले — कमलनाथ ने दी बधाई



### छग में भी विष्णुदेव साय आज लेंगे शपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी है। यहां पर शपथ ग्रहण समारोह साइंस कॉलेज मैदान पर बुधवार दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। इसकी तैयारी मंगलवार देर रात तक चलती रही। कार्यक्रम में पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई राज्यों के सीएम भी शामिल होंगे।

### ऐतिहासिक होगा शपथ ग्रहण समारोह: वीडी शर्मा

संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। उधर, नव नियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने दोनों का आशीर्वाद और सहयोग मांगा। मोहन यादव ने मंगलवार प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच कर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओंसे भी मुलाकात की। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार की सुबह नव नियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव से वीआईपी गेस्ट हाउस में जाकर मुलाकात की और उन्हें बधाई, शुभकमनाएं दीं।



### ऐसी है शपथ ग्रहण की तैयारी

शपथ ग्रहण समारोह के लिए एमवीएम में डोम बनाया गया है। इसमें दो हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई। लाल परेड मैदान पर ही तीन हैलीपेड बनाए गए हैं। पीएम समेत बड़े नेता एयरपोर्ट से सीधे हेलिकॉप्टर से यहां आएंगे। अन्य वीआईपी सड़क मार्ग से होते हुए समारोह में आएंगे। पॉलिटेक्निक कॉलेज से लेकर राजभवन तक डामरीकरण किया गया। सड़क किनारे कई पेड़ों की टहनियां छांट दी गई। एयरपोर्ट से लाल परेड ग्राउंड तक सफाईकर्मियों की तैनाती भी की गई है।

विधायकों के ग्रुप फोटो में वे चौथी पंक्ति में बैठे थे, वसुंधराराजे ने पर्ची से नाम पढ़ा तो वे आगे आए

# राजस्थान में भाजपा का नया 'भजन'

ब्राह्मण चेहरा भजन लाल शर्मा नए मुख्यमंत्री मनोनीत पहली बार के विधायक, चार बार के संगठन महामंत्री



### दो नए डिप्टी सीएम मनोनीत



दीया कुमारी — प्रेमचंद बैरवा — नए विधानसभा अध्यक्ष — वासुदेव देवनानी

## राजस्थान में भी मोदी-शाह की सोशल इंजीनियरिंग

### सीएम ब्राह्मण वर्ग से, एक डिप्टी सीएम राजपूत तो दूसरा ओबीसी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

मंगलवार को राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के लिए जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। तीन दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से कई नामों को लेकर चर्चा चल रही थी। इस बीच भाजपा ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की और विधायक दल की बैठक में 55 साल के भजन लाल शर्मा के नाम पर मुहर लगी। वे सांगानेर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इनके नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रखा। इसके साथ ही पार्टी ने तय किया है कि राजस्थान ▶▶ शेष पेज 2 पर



शपथ 15 को

### मां- पिता खबर सुनकर रोने लगे कहा

### बहुत 'बढ़ियां' भगवान की मर्जी

शर्मा के सीएम बनने की खुशखबरी जब उनके माता-पिता को दी गई तो उन्हें इस बात पर यकीन ही नहीं हुआ। जब मीडिया ने उनकी मां गोमती देवी से कहा कि आपके बेटे राजस्थान के सीएम के लिए चुने गए हैं तो वे हाथ जोड़कर रोने लगीं। उन्होंने कहा कि बहुत बढ़ियां भगवान की मर्जी है। बहुत खुश हैं। बेटा सीएम बनने वाला है। यह सब भगवान की कृपा है। मां की खुशी उनके चेहरे से झलक रही थीं। खुशी के मारे वे अपनी भावनाओं को बयां नहीं कर पा रहीं थीं। वे सिर्फ हाथ जोड़कर सबका धन्यवाद कर रही थीं। वहीं, पिता किशन लाल ने कहा कि उसने बहुत संघर्ष किया है। पिता के चेहरे ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### कटनी में बस और ट्रक में भिड़ंत, मां-बेटे की मौत

**कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तेवरी गांव के पास मंगलवार को एक यात्री बस और ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई है। हादसे में बस में सवार एक महिला व उसके बेटे की मौत हो गई है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे में करीब दस यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया है। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। जबलपुर की ओर से कटनी की ओर जा रही एक बस कटनी की ओर से आ रहे एक ट्रक से तेवरी गांव के पास टकरा गई।



### एनपीसीआई-आरबीआई की खास तैयारी

**भारत** का यूपीआई अब ग्लोबल होने की राह पर

## यूपीआई से जल्द ही अब डॉलर में कर सकेंगे पेमेंट

### एनपीसीआई और आरबीआई कर रहे एसडब्ल्यूआईएफटी के साथ चर्चा

यूपीआई सिस्टम एक स्पेशल अपडेट के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में बीते कुछ सालों में यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यूपीआई) से डिजिटल पेमेंट में जबरदस्त उछाल देखा गया है।

एक अच्छी खबर है कि भारत का यूपीआई अब ग्लोबल होने की राह पर है। दरअसल, जल्द ही यूपीआई से अब डॉलर में पेमेंट किया जा सकेगा। यूपीआई सिस्टम एक स्पेशल अपडेट के लिए तैयार है, जिससे लेन-देन डॉलर में संभव हो सकेंगे। इससे मुद्राओं में ग्लोबल लिमिट के पार निर्बाध लेनदेन के दरवाजे खुलेंगे।



बड़ी खबर

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस बदलाव को मूर्त रूप देने के लिए सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्यूनिकेशन यानी एसडब्ल्यूआईएफटी के साथ सक्रिय रूप से चर्चा में लगे हुए हैं। इसमें कहा गया है कि एकीकरण का लक्ष्य यूपीआई को सीमा पार डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए सबसे सुविधाजनक और ▶▶ शेष पेज 2 पर

**नवंबर 2023 में 11.24 अरब लेन-देन दर्ज**

एनपीसीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2023 में 11.24 अरब लेनदेन दर्ज किए गए, जो लेनदेन मूल्य 17.40 खरब तक पहुंच गए।

यूपीआई को लेकर आरबीआई की नई घोषणा

एसडब्ल्यूआईएफटी के साथ इस एकीकरण या इंटीग्रेशन से, यूपीआई के जरिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करना सुव्यवस्थित और परेशानी मुक्त हो जाएगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 दिसंबर को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान यूपीआई के संबंध में महत्वपूर्ण फैसले की घोषणा की। इसमें अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई पेमेंट लिमिट तुरंत प्रभाव से 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

### नॉर्मल मैसेज में भी मिलेगी सुविधा

## गूगल के मैसेज एप में वॉट्सएप जैसा फीचर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल इस समय एक नए फीचर पर काम कर रहा है। कंपनी अपने मैसेज ऐप्लिकेशन के लिए एक नया फीचर डेवलप कर रही है, जिसमें यूजर्स अब वॉट्सएप की तरह मैसेज को सेंड करने के बाद भी एडिट कर सकेंगे। गूगल मैसेज का यह अपकमिंग फीचर पहली बार 19 नवंबर को बीटा वर्जन में देखा गया था। यह नया फीचर वॉट्सएप का एडिट मैसेज फीचर जैसा काम करता है।



### जनवरी में होने वाली क्वाड की बैठक भी टली

## अब गणतंत्र दिवस पर भारत नहीं आएंगे राष्ट्रपति बाइडेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले साल होने वाले गणतंत्र दिवस के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। उन्हें भारत की तरफ से चीफ गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया था। इस मामले से परिचित लोगों ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अगले महीने गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भारत आने की उम्मीद नहीं है। इसके साथ ही भारत में जनवरी में होने वाली क्वाड समिट भी टाल दी गई है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक क्वाड की मीटिंग के लिए भारत ने जो शेड्यूल बनाया है उस पर बाकी देश सहमत नहीं हैं।



भारत पहले 27 जनवरी को शिखर सम्मेलन आयोजित करने की संभावना तलाश रहा था। भारत द्वारा आयोजित होने वाला क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 में आयोजित करने का प्रस्ताव है। अगले साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने कभी औपचारिक रूप से इसकी स्वीकृति की घोषणा नहीं की थी।

अलीराजपुर: बोरवेल में फिर हादसा

## बोरवेल में गिरा 5 साल का मासूम, नहीं बच सकी जान

एजेंसी ▶▶ अलीराजपुर

अलीराजपुर में मंगलवार दोपहर को एक पांच साल का मासूम बोरवेल में गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर जिला कलेक्टर, एसपी और एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया था, लेकिन 3 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में बच्चे को बचाया नहीं जा सका। बोरवेल में गिरने वाले 5 साल के मासूम की पहचान विजय पुत्र दिनेश की रुप में हुई है। ये हादसा जिले ▶▶ शेष पेज 2 पर



25 दिसंबर को कटनी में होगी सनातन धर्म सभा

## पं शास्त्री के साथ मंच साझा करेंगे आईएएस नियाज खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'ब्राह्मण द ग्रेट' पुस्तक लिखकर चर्चा में आए आईएएस नियाज खान बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ मंच साझा करेंगे। आईएएस खान यहां ब्राह्मणों को लेकर अपने विचार रखेंगे। 25 दिसंबर को कटनी में सनातन धर्म सभा में खान का उद्बोधन पं शास्त्री के पहले होगा। इस सनातन धर्म सभा में दो लाख लोगों के पहुंचने के हिसाब से तैयारियां की जा रही हैं।




### जेईई मेन की तारीखों का रखा गया ध्यान

## सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं होंगी 15 फरवरी से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) वर्ष 2023-24 के दौरान 10वीं और 12वीं में रजिस्टर्ड रेगुलर और प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए आयोजित की जाने वाली वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम (डेट शीट 2024) जारी कर दी है।

सेकंड्री और सीनियर सेकंड्री की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन 15 फरवरी से किया जाएगा। परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेंगी। बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं की तिथियों के निर्धारण में विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों का ध्यान रखा है। बता दें कि एनटीए द्वारा इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 के दूसरे सेशन का आयोजन 1 से 15 अप्रैल तक किए जाने की घोषणा की है। सेकंड्री और सीनियर सेकंड्री स्टूडेंट्स के लिए बोर्ड एग्जाम डेटशीट पीडीएफ फॉर्मेट में जारी की जाएगी।



### कार्यवाहक सीएम शिवराज सिंह ने सीएम हाउस में सबको धन्यवाद कहते हुए विदाई ली और कहा

## नए मुख्यमंत्री से निवेदन, वे मुझे रोज पेड़ जरूर लगाने दें

## अपने लिए दिल्ली कुछ मांगने जाने से बेहतर...मैं 'मरना' पसंद करुंगा

**मैं एक** कार्यकर्ता हूं, भाजपा तय करेगी मेरी जिम्मेदारी

**वादा किया** कि मैं सदैव यादव का सहयोग करता रहूंगा



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नए मनोनीत सीएम डॉ. मोहन यादव की शपथ से एक दिन पहले सीएम हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं दिल्ली जाकर अपने लिए कुछ मांगने से बेहतर मरना पसंद करूंगा। यह मेरा काम नहीं है, ▶▶ शेष पेज 2 पर



सीएम हाउस में शिवराज के फिर सीएम न बनने पर लाड़ली बहनाएं उनसे लिपट कर रो पड़ीं। शिवराज भी भावुक हो गए।

### गिनाए अपने द्वारा किए गए कार्य

शिवराज ने अपने कार्यकाल के काम गिनाते हुए बताया कि गड्ढों वाली सड़कों से शानदार हाइवे वाली सड़कों का प्रदेश मध्य प्रदेश बन गया। अंधेरों के घेरे से निकलकर उजालों की नई दुनिया में हम मध्य प्रदेश को लेकर आए। कृषि के क्षेत्र में चमत्कार हुआ है। मध्य प्रदेश की आर्थिक प्रगति का बहुत बड़ा कारण बनी। सामान्य शब्दों में मैं अगर सोचता हूं तो 32 वर्ष से ये सफर हमारा शुरू हुआ था। उससे मेट्रो ट्रेन तक का सफर हमने तय किया।

### *मैंने प्रदेश के विकास के लिए अपना पूरा सामर्थ्य झोंका*

*चौहान ने कहा कि मुझे इस बात का भी संतोष है कि जब मध्यप्रदेश हमें विरासत में मिला था तो वह पिछड़ा और बीमारू था। हमने विकास और प्रगति का एक लंबा सफर तय किया। इन वर्षों में मुझ में जितनी क्षमता थी, मुझ में जितना सामर्थ्य था, मैंने पूरा झोंककर अपने प्रदेश के लिए और जनता के कल्याण के लिए काम करने की कोशिश की। मैं अपनी क्षमताओं को अनंत नहीं मानता, लेकिन जितनी भी थी मुझमें, मैंने पूरी प्रामाणिकता, पूरी ईमानदारी, पूरे परिश्रम के साथ प्रदेश का विकास और अपने प्राणों से प्यारी जनता का कल्याण हो, इसमें अपने आपको झोंका।*

केंद्र ने जारी की गाइडलाइन

# मंजूरी के बाद ही अब इनाम ले पाएंगे सरकारी कर्मचारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मियों को निजी संस्थानों से मिलने वाले इनामों को स्वीकार करने को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की हैं। इसमें कहा गया है कि किसी सरकारी कर्मचारी को निजी संस्थान के किसी भी अवॉर्ड को लेने से पहले सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य तौर पर इसकी मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद ही वे इनाम को स्वीकार कर सकते हैं।

■ इनाम में किसी तरह की वित्तीय सहायता नहीं जुड़ी होनी चाहिए

कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की कोई भी मंजूरी सिर्फ असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती हैं। इतना ही नहीं इस तरह के इनाम में किसी तरह की वित्तीय सहायता नहीं जुड़ी होनी चाहिए। सरकार की तरफ से यह गाइडलाइंस ऐसे समय में जारी हुई हैं, जब मंत्रालय को इससे जुड़े पुराने नियमों के पालन न होने की शिकायतें मिलीं। आदेश में कहा गया है कि किसी सरकारी कर्मी को ऐसे अवॉर्ड लेने के लिए अपने मंत्रालय/विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी की मंजूरी लेनी होगी।

# 197 मेडिकल कॉलेज की मान्यता होगी रद्द!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने 349 मेडिकल कॉलेजों में से करीब 50 प्रतिशत यानी 197 कॉलेजों को मानकों का पालन न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक, मानकों का पालन नहीं करने पर देश के आधे मेडिकल



कॉलेज अपनी मान्यता भी खो सकते हैं। अगर गलती नहीं सुधारेंगे, तो इन कॉलेजों में एक साल के लिए प्रवेश रोक दिया जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने मानकों का पालन न करने के कारण पिछले दो महीनों में लगभग 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द कर दी है। इन कॉलेजों पर फैकल्टी और सीसीटीवी कैमरों से जुड़ी खामियों के आधार पर कार्रवाई की गई थी। सूत्रों के अनुसार, कई कॉलेजों में आवश्यक संकाय की संख्या भी कम है। वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों की उपस्थिति भी पर्याप्त नहीं पाई गई। इसके अलावा, न्यूनतम मानक आवश्यकताएं, (एमएसआर) 2023 के तहत कई खामियां मिलीं।

## कोविडः 2020-21 में फेल एमबीबीएस छात्रों को एक और अवसर

कोविड के चलते 2020-21 के दौरान फेल होने वाले एमबीबीएस छात्रों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने एक अतिरिक्त यानी पांचवां प्रयास देने का फैसला किया है। यह अवसर केवल एक बार के लिए ही होगा। परीक्षा में वही छात्र बैठ सकेंगे, जो 2020-21 के दौरान मेडिकल कॉलेजों में भर्ती हुए थे।

**कार्यालय नगर परिषद भुआ-बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)**

क्र./लो.नि.वा./2023/452 ई-निविदा सूचना 4nd call भुआ-बिछिया दिनांक 11/12/2023

Online Lumpsum bid for the following AMRUT 2.0 works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| S. No. | Work | Probable Amount (In lacs) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|
| 2022_UAD_277390_4 | Survey, Soil investigation, Design and Construction of a) Providing, laying, jointing, testing and commissioning of clear water Rising main having length of 1070 m of dia 150mm and of DI-K7 pipe from wtp junction to various OHT including excavation, refilling, road cutting/dismantling, restoration, providing valves and specials and fittings all complete. (b) Providing, laying, jointing, testing, commissioning of distribution network having length of 11318 m of dia 90-140mm and of HDPE pipe PE-100 PN-6 including excavation, refilling, road cutting / dismantling, restoration, providing valves, specials and fittings all complete. c) Construction of overhead reservoirs having capacities of 300 KL and staging height of 15m at Zone-III d) Providing house service connections 1240 no.s e) PLC- SCADA for monitoring and controlling of entire water supply system of Bua Bichhiya | Rs. 231.70 | 12 Months including rainy season |

1.Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in 2. The Bid Document can be purchased only Online from 10:30 Hrs of 12-12-2023 to 17:30 Hrs of 28-12-2023. 3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper. 4. GST shall be paid separately as per norms. After successful completion of the works as per tender, the Bidder shall operate and maintain the proposed works of water supply system including all proposed components of water supply project of bua Bichhiya for 5 years for supplying water to the town. The initial period of 2 year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ-बिछिया, जिला मण्डला

**खण्डन-सूचना**

खसरा क्र. 143, 105/1/2/1 रकबा 0.046.5 एकड़ (5000 वर्गफिट) एवं भूमि खसरा क्र. 143, 105/1/2/2 रकबा 0.046.5 एकड़ (5009 वर्गफिट) इस प्रकार कुल किता भूमि कुल रकबा 0.093 हेक्टेयर (10009 वर्गफिट) भूमि स्थित ग्राम-पलासी, पटवारी हल्का नम्बर 05, राजस्व निरीक्षक मण्डल 01, विकासखण्ड फंदा, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल के सम्बंध में । दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित प्रकाशन के सम्बंध में। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता 1. श्रीमती मालती सिंह राजपूत पत्नी श्री महेन्द्र सिंह राजपूत, निवासी-34/4, ग्राम-लश्करपुर, तहसील विदिशा, जिला-विदिशा म.प्र. 2. श्री राजकुमार जैन आत्मज श्री मानिकचंद जैन, निवासी- आदर्श नगर, रीवा रोड सतना म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि जो कि खसरा क्र. 143, 105/1/2/1 रकबा 0.046.5 एकड़ (5000 वर्गफिट) एवं भूमि खसरा क्र. 143, 105/1/2/2 रकबा 0.046.5 एकड़ (5009 वर्गफिट) इस प्रकार कुल किता भूमि कुल रकबा 0.093 हेक्टेयर (10009 वर्गफिट) भूमि स्थित ग्राम-पलासी, पटवारी हल्का नम्बर 05, राजस्व निरीक्षक मण्डल 01, विकासखण्ड-फंदा, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल में स्थित है, उक्त संपूर्ण भूमि बावत् मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण से क्रय करने का लिखित अनुबंध / टोकन किया है जो कि वर्तमान में प्रभावशील है तथा लिखित अनुबंध / टोकन की राशि नगद एवं RTGS के माध्यम से पूर्व में ही अदा की गई है तथा उपरोक्त भूमि के सम्बंध में दिनॉक को प्रकाशित की गयी आम सूचना/ जाहिर सूचना, अवैध व शून्य है तथा उपरोक्त कृषि भूमि के सम्बंध में यदि किसी प्रकार का क्रय विक्रय, हस्तान्तरण या किसी प्रकार का लेन देन मेरे पक्षकार की बगैर सहमति के किया जाता है तो वह अवैध व शून्य होगा।

भवदीय
कमल वर्मा (अधिवक्ता)
कार्यालय-185 सेकेंड फ्लोर जोन -1
MP नगर ,भोपाल मोबा. 9826450075

लोकसभा में गृह राज्यमंत्री ने पेश किए आंकड़े

# कश्मीर में करीब 50 हजार प्रवासी परिवार जिन्होंने किया पलायन

*जम्मू-कश्मीर से जुड़े आंकड़ों को लेकर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में लिखित उत्तर में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक 46,631 कश्मीरी प्रवासी परिवार, जिनमें 1,57,967 व्यक्ति शामिल हैं जिन्हें सुरक्षा कारणों से घाटी से पलायन करना पड़ा था। ये सभी राहत संगठन (प्रवासी) जम्मू-कश्मीर के साथ पंजीकृत है। इसके अलावा कई कश्मीरी प्रवासी परिवार देश के अन्य हिस्सों में चले गए हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में लिखित उत्तर में कहा कि जम्मू और कश्मीर सरकार ने अगस्त 2021 में एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके जरिए कश्मीरी प्रवासी अतिक्रमण, स्वामित्व परिवर्तन, उत्परिवर्तन और संकट बिक्री के संबंध में ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। अब तक 2924 कनाल और 19.55 मरला भूमि पुनः प्राप्त की जा चुकी है। अब तक 1,60856 अधिवास प्रमाण पत्र, 2035 पिछड़े क्षेत्र के निवासी (आरबीए) प्रमाण पत्र, 902 ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र और 31,672 प्रवासी प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।

## कश्मीर में बीते पांच वर्षों में 134 जवानों ने गंवाई जान



**कश्मीर में बीते पांच वर्षों में 134 जवानों ने गंवाई जान** : भारत सरकार ने पहले कर्नाटक में दो इंडिया रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। इसके अलावा, कर्नाटक सरकार की ओर से दो नई इंडिया रिजर्व बटालियन स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। 17 दिसंबर 2022 को कोलकाता में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में परिषद ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही कहा कि विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) सहित सेना, सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सुरक्षाकर्मी जो 2018 से 2022 तक पिछले पांच वर्षों के दौरान मुठभेड़ों में मारे गए, उनकी संख्या 134 है।

**'भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएं मुद्दा' : चीन**

देश के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायधीशों की पीठ ने 11 दिसंबर को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को वैध ठहराया है। इस पर चीन का मानना है कि भारत और पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे को बातचीत और परामर्श के जरिए सुलझाना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि कश्मीर मुद्दे पर चीन की स्थिति स्पष्ट है। 'यह भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत पुराना विवाद है। इसे यूएन चार्टर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाना चाहिए।'

## भाजपा ने लोगों को दिया है धोखा

नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला अनुच्छेद 370 को निरस्त को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सवाल में कहा कि जम्मू कश्मीर को नरक में जाने दो। भाजपा ने लोगों को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों के दिल जीतने की बात करती रही है, लेकिन अगर लोगों को दूर धकेलने के लिए ऐसी चीजें करते रहेंगे कैसे किसी का दिल जीता जा सकता है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वे चाहते हैं जम्मू कश्मीर में जल्द से विधानसभा चुनाव हों। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू अनुच्छेद 370 के लिए जिम्मेदार नहीं थे। इससे पहले संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर समस्या के लिए पूर्व पीएम नेहरू को दोषी ठहराया था। अब्दुल्ला ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि उनके (भाजपा के) मन में नेहरू के खिलाफ जहर क्यों है। नेहरु जिम्मेदार नहीं हैं। जब अनुच्छेद 370 आया तो सरदार पटेल वहां थे। जब कैबिनेट की बैठक हुई तब नेहरु अमेरिका में थे। जब निर्णय लिया गया तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी मौजूद थे।'

## पेज एक का शेष...

### ...आज से ...

एवं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। मोदी सुबह 11:30 से 12:30 बजे तक रुकेंगे। समारोह में भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर व महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आदि शामिल हैं।

### राजस्थान में भाजपा...

में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है। स्पीकर के लिए वासुदेव देवनानी का नाम फाइनल किया गया है। शर्मा पहली बार के विधायक हैं। वे चार बार संगठन महामंत्री रह चुके हैं। इस ऐलान के साथ ही वसुंधरा के सफर पर राजस्थान में ब्रेक लग गया। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। वसुंधरा ने चुनावी नजीतों के बाद पार्टी के कई विधायकों को डिनर पार्टी दी थी, जिसे दबाव की राजनीति के तौर पर देखा गया था। हालांकि, नड्डा से मुलाकात के बाद वसुंधरा के सुर बदले-बदले नजर आए थ और उन्होंने खुद को पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता बताया था।

**भरतपुर के रहने वाले हैं शर्माः** शर्मा सांगनेर सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48081 वोटों से शिकस्त दी थी। विधायक दल की बैठक से पहले हुए फोटा सेशन में वे चौथी पंक्ति में बैठे थे। कुछ देर भाजपा ने उनका नाम प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के लिए घोषित कर दिया। शर्मा सामान्य वर्ग से हैं। संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। लंबे समय से वे संघ से जुड़े हुए हैं। साथ संगठन में भी उनकी अच्छी पकड़ है। वे पोस्ट ग्रेजुएट हैं। शर्मा मूलरूप से भरतपुर के रहने वाले हैं। शर्मा दस साल से भाजपा प्रदेश महामंत्री हैं। इससे पहले पहले यह मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

**पिछले चुनाव में पार्टी ने नहीं दिया था टिकटः** वे 2003 में भरतपुर की नबई सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन छज हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में शर्मा ने भाजपा से टिकट मांगा था, लेकिन पार्टी ने उनकी मांग को दरकिनार कर दिया था।

**कितनी संपत्ति के मालिक हैं शर्माः** उनके पास 1 करोड़ 46 लाख रु. की संपत्ति है जबकि उन पर 35 लाख का कर्ज है।

### बहुत 'बढ़ियां'...

पर गर्व साफ झलक रहा था। वे कह रहे थे कि यह आप सभी की देन है। सब भगवान की मर्जी है। उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा था। उनका कहना था कि बेटे ने बहुत संघर्ष किया है।

### एनपीसीआई और ...

सुरक्षित माध्यम के रूप में स्थापित करना है। एसडब्ल्यूआईएफटी एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सिस्टम है जो अंतर-देशीय बैंक लेनदेन के लिए माध्यम के रूप में कार्य करती है।

### बोरवेल में गिरा 5...

के ग्राम खडाला में हुई। बच्चे के बोरवेल में गिरने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। बच्चा बोरवेल में गिरने के बाद 20 फिट की गहराई में जा कर फंस गया था। सूचना के बाद के मौके पर पुहंची पुलिस टीम और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। बचाव कार्य में लगी टीमों को चट्टानी इलाका होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गए।

**3 घंटे से अधिक चला रेस्क्यू ऑपरेशनः** बोरवेल से पांच साल के बच्चे को सकुशल निकालने के लिए उसके बराबर मशीनों की मदद से एक दूसरा गड्ढा खोदा गया। रेस्क्यू करने वाली टीमों ने बच्चे की सुरक्षा में कई सावधानी बरत रही थीं, एक नली के जरिये बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाया जा रहा था। बच्चा बोरवेल में 20 फिट की गहराई पर जा कर फंस गया। बोरवेल से बच्चे को निकालने के लिए 3 घंटे से अधिक रेस्क्यू ऑपरेशन चला, लेकिन बच्चे को बचाया नहीं जा सका है। बोरवेल से निकाल कर बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### अपने लिए दिल्ली कुछ...

इसलिए मैंने कहा था कि दिल्ली नहीं जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का एक कार्यकर्ता हूं। अपने बारे में मैं कोई फैसला नहीं करता, आगे की मेरी जवाबदारी पार्टी तय करेगी। चौहान ने नए मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि वे उन्हें हर रोज एक पेड़ जरूर लगाने दें। इसके लिए मुझे कहीं सरकारी जमीन दें ताकि मैं पर्यावरण को बचा सकूं। चौहान ने कहा कि यादव के नेतृत्व में सरकार वे काम जरूर पूरा करेगी, जो तेजी से चल रहे हैं। सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू करेगी और प्रगति और विकास की दृष्टि से मध्यप्रदेश नई ऊंचाइयां छुएगा। उन्होंने वादा किया कि मैं सदैव उन्हें सहयोग करता रहूंगा। शिवराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र में जो कहा है उसको पूरा करने की हमारी पूरी जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति आत्मकेंद्रित होता है तो उसको लगता है कि मैं कहां हूं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी एक मिशन है, उसमें हर कार्यकर्ता के लिए कोई न कोई कार्य है, जो भी पार्टी काम देगी, वो काम में करुंगा।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

**ज्योतिष**

महाकाली ज्योतिष लव-प्रॉब्लम, लव- मैरिज, भूमिलाभ, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, सोतन- दुश्मन छुटकारा शादी सगाई में रूकावट, किया कराया, A to Z समाधान भोपाल- 9664732541

B- 7/12 to 13/12/23

**वाहन बेचना है**

वाहन बेचना है 12 चक्का टाटा हाइवा 2021 मॉडल डबल क्राउन उल्टी कमानी 70-80% टायर बेचना है टोटल 20 गाड़ी लेने के लिए सम्पर्क करें- 9827125712, 7000459189

B- 12/12 to 15/12/23

**नाम परिवर्तन**

I, PUSHPA SARKAR MANDAL is legally Wedded spouse of Army No. JC 571692M SUB ANANDA CHANNDRA MANDAL presently residing at Jotpatta Dallutola, Manikchak, Manikchak MALDA West Bengal Pin-732202 have changed my name from PUSHPA MANDAL to PUSHPA SARKAR MANDAL Vide affidavit No. 75AA 880559.

I, SHABANA K V is legally wedded spouse of No. 14866523W HAV/CIK(SD) JITHIN C presently residing at Faseela Manzil Narimalam, Choyyamkode PO, Kinanoor, Kasaragod, Kerala, Pin-671314 have changed my name from ASHWATHI to SHABANA K V vide Affidavit No. 75AA 880558.

I, GULABRAO SHANKARRAO PAGARE is legally Father of Army No. 4578903L L/HAV PAGARE SAMRAT GULABRAO presently residing at Ray Nagar, Kanhan, Nagpur, Maharashtra Pin-441401 changed my name from GULABRAO to GULABRAO SHANKARRAO PAGARE Vide affidavit No. 75AA 880561.

I, SHILABAI GULABRAO PAGARE W/O GULABRAO SHANKARRAO PAGARE is legally Mother of Army No. 4578903L L/HAV PAGARE SAMRAT GULABRAO presently residing at Ray Nagar, Kanhan, Nagpur, Maharashtra Pin-441401 have changed my name from SHILA to SHILABAI GULABRAO PAGARE Vide affidavit No. 75AA 880562.

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9300009644, 9407279644 फोन 0755-4049926

प्लाट मात्र 2,70,000 आसान किश्तों पर परमिशन एप्रूव्ड

साईटः- 220 फिट रिंग रोड, लाम्बाखेड़ा, न्यू बायपास से लगी हुई कॉलोनी आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारागर इलाज

सफेद दाग CURE CENTRE

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** — व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** — सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**धनु** — भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** — किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5362



**बाएँ से दाए**

1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 5361 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | मि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |

## सूडोकु नवताल - 5372

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5371 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |




## रचनात्मकता व नवीनता का जश्न: एनआईडी ने किया उद्घाटन दीक्षांत समारोह का आयोजन

# 45 विद्यार्थियों को प्रदान की स्नातक की उपाधि... छात्रों से उन्नति वाले डिजाइन तैयार करने का किया आग्रह

### राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में हुआ ऐतिहासिक पहला दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

डिजाइन शिक्षा के लिए एक अभूतपूर्व क्षण में 2019 में स्थापित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्य प्रदेश (एनआईडीएमपी) ने 12 दिसंबर को अपना उद्घाटन दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। परिसर में आयोजित इस समारोह में संचार डिजाइन, औद्योगिक डिजाइन और कपड़ा और परिधान डिजाइन में विशेषज्ञता वाले 45 प्रतिभाशाली छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

प्रोफेसर धीरज कुमार निदेशक राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्य प्रदेश ने आधिकारिक तौर पर इसके उद्घाटन की घोषणा करते हुए दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया। एनआईडीएमपी के निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे रचनात्मकता और उपलब्धि के उत्सव का माहौल तैयार हुआ। प्रतिष्ठित उद्योगपति और मुख्य अतिथि डॉ. उदयंत मल्होत्रा ने डिजाइन के भविष्य को आकार देने के लिए संस्थान के समर्पण पर जोर देकर इस कार्यक्रम की प्रतिष्ठा बढ़ा दी।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्य प्रदेश 2019 में हुआ था स्थापित
- रचनात्मकता और उपलब्धि के उत्सव का माहौल




**प्रगति का प्रतीक है**

जैसे ही ये स्नातक अपनी प्रोफेशनल यात्रा शुरू करते हैं, यह समारोह एक ऐसे भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जहां डिजाइन उत्कृष्टता और रचनात्मकता केंद्र स्तर पर हैं। संस्थान डिजाइन और कल्पना के इस आनंदमय उत्सव में शामिल होने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करता है।



**यह पदक प्रदान किए गए**

1. रचित सिंघी - समग्र कुल ग्रेड प्वाइंट औसत (टीजीपीए)।
2. श्वेता चौधरी - कपड़ा और परिधान डिजाइन डिसिप्लिन (जेजीपीए) में समग्र जूरी ग्रेड प्वाइंट औसत।
3. कथिर ईश्वर नागेंद्रन- औद्योगिक डिजाइन डिसिप्लिन (जेजीपीए) में समग्र जूरी ग्रेड प्वाइंट औसत।
4. कार्तिक महाजन - संचार डिजाइन डिसिप्लिन (जेजीपीए) में समग्र जूरी ग्रेड प्वाइंट औसत।

डॉ. उदयंत मलहोत्रा ने स्टूडेंट्स को प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने अपनी आत्मशिक्षा और स्नातक की यात्रा को साझा किया। डायनामेटिक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के विकास की कहानी को उजागर किया। डॉ. मल्होत्रा ने प्रेरणादायक शब्दों की महत्वपूर्णता पर जोर दिया और समस्या समाधान, लागत के लिए डिजाइन, बाजार के लिए डिजाइन जैसे डिजाइन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण चरणों की बात की।

उन्होंने उद्यमियों के लिए 'दूध मलाई' की रणनीति का परिचय दिया, गुणवत्ता और पुनरावृत्ति की महत्वपूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने पर्यावरण समस्याओं पर ध्यान दिलाया, छात्रों से उन्नति वाले डिजाइन बनाने की आग्रह की और सही समय और स्थान पर सही चीज करने की अविचल महत्वपूर्णता पर जोर दिया। डॉ. मल्होत्रा ने सतत डिजाइन समाधानों की प्रशंसा की और एक धार्मिक कार्मिक अच्छे जीवन, गायत्री मंत्र, पंचतत्व की बात करते हुए अपने भाषण को समाप्त किया। उनके भाषण ने छात्रों के साथियों के लिए उपयुक्तता से भरा ज्ञान प्रदान किया।

# 9 जनवरी तक चलेंगी इग्नू की परीक्षाएं, प्रदेश के 16 सरकारी कॉलेजों में बने केंद्र

### कॉलेजों के प्राचार्य को उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 250 कोर्सेस की परीक्षाएं जारी हैं। यह परीक्षाएं एक दिसंबर से शुरू हुई हैं, जो आगामी 9 जनवरी 2024 तक चलेंगी। इन परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए उच्च शिक्षा विभाग मप्र ने उन सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं, जिन कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

निर्देशों में कहा है कि क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू, भोपाल से प्राप्त पत्र के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि शासकीय महाविद्यालयों में इग्नू की दिसंबर, 2023 सत्रांत परीक्षा एक दिसंबर, 2023 से शुरू हुई है और 9 जनवरी 2024 तक चलेगी। इग्नू की परीक्षाएं संपूर्ण भारत एवं विदेशों में चुने हुए अध्ययन केंद्रों पर एक साथ आयोजित की जाती है। प्रदेश के 16 शासकीय कॉलेजों को इग्नू का परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां पर इग्नू के 250 पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही हैं। इसलिए निर्देशित किया जाता है कि इग्नू की परीक्षाओं को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए।

**250 पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा आयोजित की**

इग्नू ने उच्च शिक्षा विभाग को लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश के 16 शासकीय महाविद्यालयों को इग्नू का परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां पर इग्नू के 250 पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। इन परीक्षा केंद्रों में मोती लाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय भोपाल में सर्वाधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इन परीक्षाओं में पर्यवेक्षक के रूप में अकादमिक व्यक्तियों के ही नियुक्ति करने का प्रावधान है, जिससे परीक्षाओं के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा सके।

भोपाल आए सिंगर इंदीप बख्शी की हरिभूमि से खास बातचीत

# मैं खुद को एक नाजुक वक्त से निकाल कर आज यहां खड़ा हूं

### लोग मानसिक डिप्रेशन के बाद भी फिर से पब्लिक का सामना करने की हिम्मत रख सकते हैं

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मैंने बहुत ही मुश्किल से अपने आप को संभाला और एक नाजुक वक्त से खुद को निकाल कर आज दोबारा हिम्मत करके यहां खड़ा हूं और इसीलिए मैं मैं जिंदा हूं...नाम से गाना भी रिलीज किया है, जिससे मैं बता सकूं कि लोग मानसिक डिप्रेशन के बाद भी फिर से जिंदा हो सकते हैं और पब्लिक का सामना करने की हिम्मत रख सकते है यह कहना है सिंगर इंदीप बख्शी का, जो मंगलवार को एक प्राइवेट इवेंट में भोपाल पहुंचे थे। हरिभूमि से विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी म्यूजिकल जर्नी और पर्सनल लाइफ से जुड़े सवालों के रोचक जवाब दिए।



**रिमीक्स के फेवर में कभी नहीं रहता**

उन्होंने कहा कि मैं रिमीक्स के फेवर में कभी नहीं रहता। अगर क्लासिक सॉन्ग्स के साथ कुछ अच्छा ही करना चाहते हो तो टेक्निकली उनकी क्वालिटी अच्छी कर सकते हैं, लेकिन उसकी आत्मा को मारना गलत है।

**स्कूल में शुरू किया था लिखना**

स्कूली दिनों में मैंने लिखना शुरू कर दिया था। तब मस्ती करते हुए दोस्तों को छेड़ने के लिए कुछ वेस्टर्न से इंस्पायर होकर ही लिखता था, लेकिन ये अच्छी आदत बनी रही और आगे जब संगीत की समझ बढ़ती गई तो लगा कि सिर्फ गोरे ही अर्बन म्यूजिक पर काम करते हैं, हम भी तो कर सकते हैं। तब से शुरुआत हुई और जब मेरा पहला गाना ही आया तो काफी पॉपुलैरिटी मिल गई थी।

**यूएसए में स्टडी किया अर्बन म्यूजिक**

म्यूजिक जरूर मेरे खून में था, लेकिन फ्यूचर के लिए एक सेफ ऑप्शन के तौर पर मैंने आर्किटेक्चर की पढ़ाई और फिर जॉब की थी। इससे मुझे फाइनेंशियली काफी हेल्प मिली और वो भी क्रिएटिविटी का ही काम था। इसके बाद मैं अर्बन म्यूजिक का गहरा अध्ययन करने यूएसए गया और फिर सैटरडे-सैटरडे से लेकर काला चश्मा जैसे कई नंबर्स किए। इंडियन म्यूजिक आज ट्रांसफॉर्म हो रहा है। हमारे यंग्सटर्स वेस्ट के साथ कॉलेब कर लोकल को ग्लोबल कर रहे हैं।

## फार्मेसी पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी 26 से करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 26 दिसंबर से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) फिर काउंसलिंग करने जा रहा है। इसमें 26 से 30 दिसंबर की समय सारिणी बनाई है। यह डीटीई की वेबसाइट पर जारी भी कर दी गई है। इसके तहत बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम.फार्मा में खाली सीटों पर प्रवेश मिलेगा। डीटीई ने फार्मेसी कोर्स संचालित करने वाले उन कॉलेजों को अधिसूचना जारी कर दी है, जो सत्र 2023-24 में संचालित काउंसलिंग में शामिल नहीं हो सके थे। ऐसे कॉलेजों से कहा गया है कि वे काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। इस मामले में डीटीई के प्रवेश प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि फार्मेसी कोर्सेस में सितंबर के बाद प्रवेश बंद कर दिए गए थे। एक बार फिर से उन्हें दिसंबर तक का समय दिया गया है। वेबसाइट पर टाइम टेबल जारी किया गया है।

- **बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम. फार्मा में खाली सीटों पर मिलेगा प्रवेश**




## 24 दिसंबर से 7 जनवरी तक सभी में वेटिंग

जिन्होंने दो महीने पहले कराया आरक्षण, उनकी वेटिंग भी कन्फर्म होना मुश्किल

# नए साल से पहले ट्रेनों में बढ़ी भीड़, ट्रेनों में बर्थ तो स्टेशनों पर रुकने रिटायरिंग रूम भी फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

इस बार क्रिसमस की छुट्टियों व नए साल में घूमने जाने या फिर वापस आने वालों को ट्रेन की लंबी वेटिंग से दो-चार होना पड़ रहा है। जिन पैसेंजर्स ने 2 महीने पहले रिजर्वेशन कराया था, उनकी वेटिंग भी कंफर्म होना मुश्किल है। 24 दिसंबर से 7 जनवरी तक ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर थर्ड और सेकंड एसी तक लंबी वेटिंग है। यह मारामारी न केवल ट्रेनों में है, बल्कि स्टेशन के रिटायरिंग रूम में भी ऐसे ही हालात दिख रहे हैं।

रिटायरिंग रूम पहले से ही फुल हो चुके हैं। लंबी वेटिंग को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, लेकिन यात्रियों को इन ट्रेनों में सफर के लिए अधिक किराया चुकनाा पड़ेगा तो वहीं कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इससे लोगों को कुछ राहत मिल सकेगी।

**ट्रेनों में वेटिंग के हालात**

भोपाल से मुंबई- इस रूट पर भोपाल से जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में 24 दिसंबर से 5 जनवरी तक 56 से लेकर 230 तक वेटिंग है।

- भोपाल से मुंबई जाने वाली ट्रेनों के थर्ड एसी में वेटिंग 50 से 75 और सेकंड एसी में 30 से 45 तक है।

**भोपाल से गोवा**

- गोवा जाने के लिए भोपाल से सीधी दो ट्रेनें गोवा एक्सप्रेस व मंगला एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग स्थिति देखने को मिल रही है।

**भोपाल से चेन्नई**

- भोपाल से होकर रोजाना 8 से 12 ट्रेनें चेन्नई व दक्षिण भारत जाती हैं। इनमें भी 24 दिसंबर से 7 जनवरी के बीच सीट उपलब्ध नहीं है।
- ट्रेनों में लंबी वेटिंग के साथ-साथ चेन्नई स्टेशन पर रिटायरिंग रूम फुल है।
- इन ट्रेनों में स्लीपर में 38, थर्ड एसी में 28, सेकंड एसी में 17 वेटिंग है।

**भोपाल से दिल्ली व जम्मू-कश्मीर- भोपाल से जम्मू तक जाने वाली मालवा एक्सप्रेस व पंजाब ट्रेन में भी लंबी वेटिंग है।**

- भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग लिस्टे देखने को मिल रही है। साथ ही निजामुद्दीन स्टेशन के रिटायरिंग रूम फुल हो गए हैं।

## चिंतन

# नए चेहरों को कमान देकर भाजपा ने फिर चौंकाया

भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान, तीनों ही राज्यों में नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया है। पार्टी ने नए चेहरे को सीएम की कमान देकर एक साथ कई लक्ष्य साधे हैं। स्थापित चेहरों को संदेश दिया गया है कि दबाव की रणनीति का कोई फायदा नहीं है, सीएम पद किसी का विशेषाधिकार नहीं है, चुनाव सामूहिक रूप से लड़े जाते हैं, सभी विधायक समान हैं। सामान्य कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि पार्टी में ईमानदारी से काम करने पर उनके लिए आगे बढ़ने की राह खुली हुई है, किसी भी नेता का लगातार जीत दर्ज करवाना ही किसी पद के लिए कोई बड़ा पैमाना नहीं है, बल्कि आम कार्यकर्ता और नेता की निष्ठा तथा समर्पण भी बेहद अहम है। आगे लोकसभा व विधानसभा चुनावों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का पूरा ध्यान रखा गया है। आदिवासी, ओबीसी व सवर्ण ब्राह्मण व राजपूत सबको प्रतिनिधित्व दिया गया है। विपक्ष की ओर से जाति जनगणना का राग अलापे जाने के बीच तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष के चयन में जातिगत समीकरण का ध्यान रखा गया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश का फार्मूला सीएम के साथ दो डिप्टी सीएम तीनों ही राज्यों में अपनाया है, हालांकि छत्तीसगढ़ में छोटा राज्य होने के नाते दो डिप्टी सीएम की जरूरत नहीं थी। यूं तो संवैधानिक रूप से डिप्टी सीएम की बहुत बड़ी भूमिका शासन प्रणाली में नहीं है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व का संदेश देने व सत्ता समीकरण को साधने में यह पद उपयोगी है। कई बार असंतुष्टों को साधने के लिए भी डिप्टी सीएम बनाए जाते हैं। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सीएम, दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम और वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। यहां ब्राहमण, राजपूत, अनुसूचित व सिंधी को प्रतिनिधित्व दिया गया है। शर्मा से पहले राजस्थान में ब्राह्मण समुदाय से आने वाले आखिरी मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को सीएम, अरुण साव व विजय शर्मा को डिप्टी सीएम व रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। इस राज्य में आदिवासी, ओबीसी, ब्राह्मण व राजपूत की सोशल इंजीनियरिंग को साधा गया है। एक आदिवासी को सीएम बना कर भाजपा ने पड़ोसी राज्य झारखंड, ओडिसा व मध्य प्रदेश को साधा है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव को सीएम, जगदीश देवड़ा व राजेन्द्र शुक्ला को डिप्टी सीएम तथा नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा स्पीकर बनाया गया है। यहां ओबीसी, एससी, ब्राहमण व राजपूत के समीकरण को मजबूत किया गया है। तीनों ही राज्यों में ब्राह्मण व राजपूत को एक साथ साधा गया है। इस समीकरण का प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। तीनों ही नए चेहरे निर्विवाद व्यक्तित्व हैं, लोप्रोफाइल हैं, पार्टी के वफादार सिपाही हैं, संघ के करीबी हैं। इनके सीएम बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश का नया संचार हुआ है। नए गैर अनुभवी नेता के सीएम बनने से तीनों ही राज्यों में स्थापित नेताओं के बीच अंदरुनी गुटबाजी पर विराम गया गया है। नए नेता को सीएम बना कर भाजपा ने नेतृत्व की नई लाइन भी विकसित की है। पार्टी राज्यों में एक नेता के भरोसे नहीं रहेगी। लेकिन अब नए सीएम पर अपनी नेतृत्व क्षमता सिद्ध करने, भाजपा के संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने, व सुशासन की महती व चुनौतपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

## सारा संसार



झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक, साथ ही साथ यहीं माता सती के 52 शक्तिपीठों में से एक जहां माता का हृदय विराजमान है, यह शक्तिपीठ हार्दपीठ के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर को देव शिल्पि विश्वकर्मा जी ने बनाया है।

# 370 की बहाली चाहने वालों को झटका



सुप्रीम फैसला
आर.के. सिन्हा

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाकर उन लोगों को अच्छा-खासा झटका दे दिया, जो चाहते थे कि राज्य में पहले वाली व्यवस्था की बहाली हो जाए और उसे विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की फुल बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब खूब जम्मू-कश्मीर राज्य देश की मुख्यधारा से जुड़कर जल्द ही विकास की बुलंदियों को छूने लगेगा

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाकर उन लोगों को अच्छा-खासा झटका दे दिया, जो चाहते थे कि राज्य में पहले वाली व्यवस्था की बहाली हो जाए और उसे विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। किसी राज्य को खास कहना सरासर गलत और एक तरह से संविधान विरोधी है जो किसी राज्य को अलग अधिकार नहीं देता। देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 'एक देश-एक विधान और एक निशान' की विचारधारा को भी स्वीकृति मिल गई और भारत के विघटन का सपना देखने वालों को करारा जवाब भी मिल गया। बेशक, धारा 370 को निरस्त करने का सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को ही जाता है जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सही मायनों में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ा है। मैं भी उन सौभाग्यशाली सांसदों की श्रेणी में हूं, जिन्होंने 2019 में राज्य सभा में अमित शाह के प्रस्ताव के पक्ष में वोट डाला था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की फुल बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा। इस फैसले से सारा देश गदगद है। सिर्फ उन्हीं की छाती पर सांप लोट रहा है जो भारत की एकता और अखंडता को बना हुआ देखना नहीं चाहते। देश उनके इरादों को कभी सफल नहीं होने देगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि इनमें कुछ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील भी हैं, जो यह विरोध मात्र अपने कांग्रेसी आकाओं को खुश करने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें यह पता है कि यदि सर्वोच्च न्यायलय ने कोर्ट के अवमानना का संज्ञान ले लिया तो वे बुरी तरह फसेंगे।

फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, "राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य की ओर से लिए गए केंद्र के फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती है। अनुच्छेद 370 युद्ध जैसी स्थिति में एक अंतरिम प्रावधान था। इसके टेक्स्ट को देखें तो भी पता चलता है कि यह पूर्णतः एक अस्थायी प्रावधान था।" इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए आदेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को वैध मानता है। अब यह मानकर चलिए कि जम्मू-कश्मीर का सर्वांगीण विकास और रफ्तार पकड़ लेगा। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सबको विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है। इसका प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के 14 शिखर नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मिल भी चुके हैं, जिनमें तत्कालीन राज्य के चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। अफसोस होता है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को हटाने के सवाल पर कांग्रेस का रवैया बेहद निराशाजनक रहा है। कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह कहते रहे हैं कि केन्द्र में उनकी पार्टी की सरकार आएगी तो वे संविधान के अनुच्छेद 370 को पुनः बहाल



कर देंगे। हालांकि, अब कांग्रेस के नेता और जम्मू-कश्मीर के राजा रहे हरि सिंह के बेटे कर्ण सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

पर कांग्रेस के शिखर नेताओं जैसे राहुल गांधी और सोनिया गांधी को यह बताना होगा कि वे दिग्विजय सिंह की राय के साथ हैं या नहीं? अर्थात क्या कांग्रेस चाहती है कि जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त 2020 से पहले की व्यवस्था लागू हो? कांग्रेस के कई नेता चीख-चीखकर बेशर्मी से कहते रहे हैं कि धारा 370 को खत्म करना लोकतंत्र और संवैधानिक सिद्धांतों पर सीधा हमला है। यकीन मानिए कि जिस भाषा में दिग्विजय सिंह मांग करते रहे हैं, वही तो पाकिस्तान भी बोलता है। चीन भी यही चाहता है। चीन कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा खत्म करना अवैध और अमान्य है। वह भारत के आंतरिक मामले में दखल देने से बाज नहीं आता। चीन ने भारत के धारा 370 को हटाने के कदम को 'अस्वीकार्य' करार दिया था। अगर बात पाकिस्तान की करें तो उसका तो अब रहा-सहा चैन भी खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा तो देर-सवेर मिल ही जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस तरह का देश को भरोसा दिया है, पर अब अनुच्छेद 370 इतिहास की गोद में चला गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राज्य के नेता जैसे महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला विरोध कर रहे हैं। उनसे यही उम्मीद भी थी। उन्हें बरगलाने वाली राजनीति के लिए कोई मसला रहा नहीं, पर उन्हें अब कौन पूछता है।

आखिर अनुच्छेद 370 में क्या खास बात थी जिसकी मांग कांग्रेस तथा कश्मीरी नेता करते रहे हैं? क्या यह सच नहीं है कि अनुच्छेद 370 राज्य को भारत से जोड़ने में विफल रहा था? अनुच्छेद 370 से ही कश्मीर में अलगाववाद बढ़ा था। क्यों वहां पर कभी अल्पसंख्यक आयोग नहीं बना? क्या वहां पर हिंदू, जैन, बौद्ध, ईसाई और सिख नहीं रहते? अनुच्छेद 370 से राज्य के अल्पसंख्यकों के साथ घोर अन्याय हुआ। क्यों अनुच्छेद 370 के दौर में वहां पर सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों से संबंध रखने वालों को आरक्षण नहीं मिला?

शिक्षा का अधिकार देश की संसद ने दिया था पर जम्मू-कश्मीर के बच्चों को यह अधिकार नहीं था, क्योंकि वहां अनुच्छेद 370 लागू था। और तो और वहां इसी धारा 370 के कारण आरटीआई एक्ट तक लागू नहीं हो पाया था। बहरहाल, एक लंबे अंतराल के बाद अब जम्मू-कश्मीर से खुशनुमा बयार बहने लगी है। उसे सारा देश ही महसूस कर रहा है। भारत विरोधी नेता और शक्तियां अब जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में अब पूरी तरह अप्रसांगिक होती जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर में फिर से फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतर माहौल बनाया जा रहा है। बर्फ की चादर में लिपटी कश्मीर की हसीन वादियों को भारतीय फिल्मों को गुजरे सालों के दौरान खूब दिखाया गया है। कश्मीर में हर जगह फिल्म शूटिंग हो सकती है। यह एक सदाबहार शूटिंग स्थल है। यहां दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं के लिए शूटिंग की पूरी संभावना है। बॉलीवुड के कई फिल्म निर्माता यहां कश्मीर में शूटिंग के लिए आना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा दिन-रात राज्य के चौतरफा विकास को लेकर सक्रिय रहते हैं। उनसे मेरे खुद के बहुत घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध तब से जब वे बीएचयू छात्र संघ के अध्यक्ष हुआ करते थे। उन्हें जो जिम्मेदारी मिलती है, उसे वे पूरी लगन से पूरा करते हैं। वे बेहद अनुभवी, गंभीर और ईमानदार राजनेता हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब खूब जम्मू-कश्मीर राज्य देश की मुख्यधारा से जुड़कर जल्द ही विकास की बुलंदियों को छूने लगेगा।

(लेखक राज्य सभा सांसद रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। *-संत राजिन्दर सिंह (आध्यात्मिक गुरु)*

## एक दिन का पुण्य ही क्यों



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी-बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नहीं बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## कॉप-28

अखिलेश आर्येन्दु



# सार्थक विकल्पों से ऊर्जा की जरूरतें पूरी करने की चुनौती

तीस नवम्बर से 12 दिसम्बर 2023 तक संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की 28वीं सभा यानी कॉप 28 की बैठक दुबई में सम्पन्न हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बैठक में शिरकत की और उच्च स्तरीय खंड का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क के प्रति प्रतिबद्ध है। हमने सतत विकास के लिए बेहतर जीवन शैली के सिद्धांत अपनाए हैं। हमने वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा को 3 फीसदी करने पर प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है, इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी से भी कम है। उनके सम्बोधन से यह बात निकल कर आई कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ अपनी प्रतिबद्धता से हटा नहीं है। गौरतलब है कि भारत ने साल 2023 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए हाल ही में अगले पांच साल के लिए जो नई योजना तैयार की है उसके तहत अगले पांच साल में 500 मेगावाट गैर जीवाश्म आधारित बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी के तहत अगले पांच साल में सालाना 50 मेगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। दुबई में आयोजित कॉप बैठक कई मायने में अहम मुद्दों पर सार्थक परिणाम पर पहुंचने में सफल रही। कार्बन-उत्सर्जन से बचते हुए विकास-कार्यों को कैसे अंजाम दिया जा सकता है, इस पर दुनिया का मार्गदर्शन भारत ने बखूबी किया। दुनिया के वैज्ञानिकों के मुताबिक दुनिया के एक चौथाई कार्बन का उत्सर्जन फूड सेक्टर से होता है। दुनियाभर में बूचड़खानों से बहुत बड़ी तादाद में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है। अरबों लीटर पानी की बर्बादी होती है और अरबों टन खून कई तरह की गम्भीर समस्याएं पैदा करता है, इसलिए फूड सेक्टर से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को प्रमुख विषय के रूप में चर्चा का विषय बनाया जाना बैठक की गंभीरता कही जाएगी। अमेरिका की मोंटाना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने एक गहन अध्ययन में पाया कि धरती के बढ़ते तापमान से मानव जीवन पर जानलेवा बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ेगा। इससे डेंगू, चिकनगुनिया और दूसरी तमाम बीमारियों के बढ़ने से अनेक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। डेंगू सरीखे अन्य मच्छर पैदा हो सकते हैं जिन्हें मारना मुश्किल होगा। दुनिया के कई देशों में सौर ऊर्जा से घरों, कारखानों और कार्यालयों में ही नहीं सड़कों के संकेतों को भी इससे चलाया जा रहा है। भारत में ऊर्जा जरूरतों में 4 प्रतिशत सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। जिसका प्रयोग घरों में उजाला करने, टीवी, कम्प्यूटर चलाने और ऐसे ही छोटे-मोटे कार्यों में किया जा रहा है। देश में अभी 44,217 मेगावाट से ज्यादा नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। वहीं पर जलविद्युत उत्पादन क्षमता 37,414 मेगावाट है। सौर ऊर्जा संय़त्र लगाने का कार्य भारत में तेजी से हो रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले वक्त में भारत जलवायु सम्मेलनों में हिस्सा लेने वाले सभी बड़े व विकसित देशों में इस दिशा में कुछ सालों में सबसे आगे बढ़कर दुनिया का मार्गदर्शन करता दिखाई देगा।

(लेखक वरिष्ठ चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती


### मानवाधिकार दिवस का औचित्य

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर 1948 को पेरिस में एक घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इसमें यह चीजें थी कि दुनियाभर में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करते हुए सभी लोगों को बराबर अधिकार उपलब्ध करवाए जाएं। संयुक्त राष्ट्र ने 10 दिसंबर 1950 को मानवाधिकार दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष इस दिवस का थीम है- सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय। आज दुनिया में बहुत से देश ऐसे भी हैं जहां के नागरिक अधिकारों से वंचित हैं। इस दिवस का औचित्य तभी है, अगर वास्तव में ही सभी को मानवाधिकार मिल जाएं।

*-संतोष पुराणिक, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### एकता का सशक्त संदेश



आर्टिकल 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक है, जो 5 अगस्त, 2019 को संसद में लिए गए फैसले पर संवैधानिक मुहर लगाता है। इसमें जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के भाई-बहनों के लिए उन्नति और एकता का सशक्त संदेश है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सबसे सख्त कानून



आज सांसद अब तक के सबसे सख्त अवैध आव्रजन विरोधी कानून पर मतदान करेंगे। यह विधेयक हमें यह नियंत्रित करने की अनुमति देगा कि इस देश में कौन आता है। नावों को रोकने के लिए हमें इस बिल का समर्थन करना होगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### कार्बन उत्सर्जन बड़ी चुनौती



पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अर्थ अधिक वृक्षारोपण से है। कार्बन का प्रचुर मात्रा में उत्सर्जन बड़ी चुनौती है, विषैली गैसें वातावरण को विषाक्त कर रही हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध उत्खनन नहीं होना चाहिए।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### टीम पर कुछ विचार



भारत में इंग्लैंड टीम पर कुछ विचार। मुझे डर है कि वे बल्लेबाज़ छोटे हैं और स्पिनर बहुत भारी हैं। मुझे यकीन नहीं है कि कोई स्पिनर 7वें नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है, जिसका मतलब है कि वे ज्यादातर मैचों में शायद 4 गेंदबाजों व रूट के साथ उतरेंगे।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ

## करंट अफेयर


# म्यामां दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश



संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक गृह युद्ध से प्रभावित म्यामां अफगानिस्तान को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बन गया। मादक पदार्थ और अपराध संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपने 'दक्षिण-पूर्व एशिया अफीम सर्वेक्षण 2023' में कहा कि म्यामां का अफीम उत्पादन अफगानिस्तान से भी अधिक है। तालिबान के शासन में आने के बाद अफगानिस्तान में अफीम के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यूएनओडीसी ने पिछले महीने कहा था कि तालिबान के प्रतिबंध के कारण अफीम पोस्ता की खेती में 95 प्रतिशत की गिरावट आई है। यूएनओडीसी की ताजा रिपोर्टzके मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच म्यामां में अफीम की खेती का क्षेत्रफल 18 प्रतिशत बढ़कर 47,100 हेक्टेयर (1,16,400 एकड़) हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, अफीम की अनुमानित उपज 16 फीसदी बढ़कर 22.9 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है, जो 2022 के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। इसमें कहा गया है कि म्यामां में हिंसक राजनीतिक उथल-पुथल से अफीम उत्पादन को बढ़ावा मिला है।

## ऑफ बीट

# कोआला को गर्मी से होती है परेशानी



आने वाले दिनों में हम ऐसी गर्मी की तैयारी कर रहे हैं, जो असमान्य रूप से गर्म होगी तो ऐसे में कोआला के बारे में भी सोचें। वे चिलचिलाती गर्मी में प्यार, भोजन और पानी की तलाश में इधर-उधर घूमेंगे। थैली में बच्चों को रखने वाली माँ कोआला विशेष रूप से असुरक्षित होती हैं। हमारी सड़कों को पार करने का प्रयास करते समय कई मार जाएंगे या घायल होंगे। कभी-कभी इस प्रक्रिया में बच्चे अनाथ हो जाते हैं, लेकिन वे ऑस्ट्रेलिया के पुनर्वास केंद्रों में से किसी एक में भले ही पहुंच जाएं, इन कोआला शिशुओं पर संभावित दाताओं और मीडिया जैसे नेक इरादे वाले आगंतुकों का दबाव हो सकता है। गर्म और शुष्क परिस्थितियाँ गोंद के पेड़ की पत्तियों को कम पौष्टिक बनाती हैं, इसलिए कोआला अतिरिक्त जल स्रोतों की तलाश करते हैं। कुछ बीमारियाँ उनकी किडनी को भी नुकसान पहुँचा सकती हैं, जिससे वे अधिक पानी पी सकते हैं। चूँकि निवास स्थान की हानि कोआला को हमारे शहरों में धकेल रही है, लोग अक्सर सड़कों पर, पार्कों में और कभी-कभी अपने पिछवाड़े में भी इन जंगली जानवरों का सामना करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



ईएसपीएन ने कैंसर रिसर्च पर पल्लवी का किया इंटरव्यू

# भोपाल की डॉ. पल्लवी तिवारी को न्यूयॉर्क में बास्केट बॉल मैच में मिला विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैंसर रिसर्च के क्षेत्र में दुनिया भर में विशिष्ट पहचान बनाने वाली मप्र की पल्लवी तिवारी को हाल ही में न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध वी क्लासिक बास्केटबॉल मैच में वी फाउंडेशन द्वारा विशिष्ट गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। इस दौरान यूएस के सबसे बड़े स्पोर्ट्स चैनल ईएसपीएन द्वारा पल्लवी की कैंसर रिसर्च को लेकर इंटरव्यू लिया। पयह इंटरव्यू न्यूयॉर्क के जाने-माने मेडिसिन स्क्वायर गार्डन में मैच के दौरान चैनल की एंजेल ग्रे ने लिया। पल्लवी ने कहा कि वी फाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है और उनके कैंसर रिसर्च को सपोर्ट करने में मददगार साबित होगा।

बता दें कि वी फाउंडेशन एक नॉन प्रॉफिट संस्था है और कैंसर रिसर्च को सपोर्ट करते हैं। उन्होंने पल्लवी के कैंसर रिसर्च के काम में काफी सपोर्ट किया है और कर रहे हैं। पल्लवी अमेरिका की विसकॉनसिन मेडिसन यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिक और डिपार्मेंट आफ रेडियोलॉजी और बायोमेडिकल में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।



## दुनिया के टॉप साइंटिस्ट में नाम

डॉ पल्लवी तिवारी अमेरिका की विस्कॉन्सिन-मेडिसन यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिक और डिपार्टमेंट ऑफ़ रेडियोलॉजी और बायोमेडिकल में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। कुछ माह पूर्व ही डॉ पल्लवी को साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आविष्कार और पेंटेंट से जुड़ी शीर्ष संस्था एनएआई ने अपना सदस्य बनाया है। ये किसी भी वैज्ञानिक के लिए बड़े सम्मान की बात है। संस्था ने भी पल्लवी को अपना सदस्य बनाने पर खुशी जताई है।

## भारत और यूएस में मिल चुके है कई सम्मान

डॉ पल्लवी ने अपने इस शोध के ज़रिये दुनिया भर के वैज्ञानिकों में अपनी एक ख़ास पहचान बना ली।अमेरिकी सरकार ने ब्रेन ट्यूमर के इलाज के लिए की गई उनकी रिसर्च के लिए उनकी विशेष सराहना की। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने उन्हें यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया तो उनकी रिसर्च को 40 अंडर 40 के लिए भी चुना गया। भारत सरकार ने भी डॉ पल्लवी को 100 विमेन अचीवर्स में शामिल कर सम्मानित किया। डॉ पल्लवी को साल 2020 में जॉनसन एंड जॉनसन स्कॉलर अवॉर्ड मिला। जॉनसन एंड जॉनसन दुनिया की प्रसिद्ध कंपनी है और अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं को ये अवॉर्ड देती है। इसमें डॉ पल्लवी को 3 साल की मेंटरशिप और भारतीय करंसी में लगभग 1.5 करोड़ रुपये दिये गये। उस वक़्त डॉ पल्लवी केस वेस्टर्न रिज़र्व यूनिवर्सिटी, क्लीवलैंड में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर थीं। पल्लवी की ये उपलब्धि ना केवल उनके घर-परिवार के लिए ख़ास है बल्कि पूरी मानव जाति के लिए वरदान है। उनकी खोज ब्रेन कैंसर से जूझ रहे लोगों के लिए आशा की एक बड़ी किरण है। एक उम्मीद है कि ब्रेन कैंसर जैसी बीमारी भी ठीक हो सकती है। उम्मीद है भोपाल मप्र की ये बेटी आगे भी अपने शोध और अपनी खोजों से मानव जाति का कल्याण करती रहेंगी।

## ब्रेन ट्यूमर के इलाज में एआई का इस्तेमाल

आज हम चैट जीपीटी और एआई की बातें कर रहे हैं लेकिन डॉ पल्लवी ने साल 2015 में ही एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिये कुछ ऐसा कर दिखाया जिससे सारी दुनिया दंग रह गई। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ब्रेन कैंसर जैसी ख़तरनाक बीमारी से लड़ने का तरीका खोज निकाला। उनकी इस खोज से ये बता चलता है कि कैंसर पीड़ित के इलाज के लिए कौन की थेरीपी कारगर है। इसके साथ ही इससे ये भी पता चलता है कि पीड़ित के जीवित बचने की गुंजाइश कितनी है। डॉ पल्लवी का ये शोध ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफ़ार्म यानी जीबीएम के इलाज में मददगार साबित हो रहा है। इस नई तकनीक ये से भी पता चलता है कि ट्यूमर में कैंसर की कोशिकाएं मौजूद हैं या नहीं। जीबीएम सबसे दिमाग में होने वाले कैंसर का सबसे ख़तरनाक स्वरूप है। डॉ पल्लवी के इस शोध से हर मरीज़ को उसकी बीमारी के मुताबिक इलाज मिलना संभव हो पाया है।

# कैम्पियन के चार स्केटर्स नेशनल रोलर स्केटिंग के लिए चयनित

मप्र टीम का प्रतिनिधित्व करने केजी 2 की अनविता और दूसरी की छात्रा काश्वी आज चेन्नई होंगी रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैम्पियन स्कूल के चार रोलर स्केटर्स का चयन 61वीं नेशनल रोलर स्केटिंग के लिए किया गया है। रोलर स्केटिंग फेडेरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह दस दिवसीय 61वीं नेषनल रोलर स्केटिंग स्पोटीफाई स्पोटस एरिना, चेन्नई तमिलनाडु के स्केटिंग रिंक में 15 से 25 दिसम्बर तक होगी। कैम्पियन स्कूल की तरफ से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्केटर्स की चयनित सूची में अनविता सिंह कक्षा केजी टू, काश्वी शर्मा कक्षा दूसरी, अमाया अरोरा कक्षा तीसरी, संभव मिश्रा कक्षा चौथी के नाम शामिल हैं।

## ग्वालियर में प्रदर्शन से मिली यह उपलब्धि

इन सभी स्केटर्स का चयन ग्वालियर में हुई स्टेट चैम्पियनशिप एवं चयन प्रकिया में उनके शानदार प्रदर्शन व उनकी योग्यता के आधार पर हुआ है। ये सभी खिलाड़ी कैम्पियन स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा के मागदर्शन में स्केटिंग रिंक में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह चारों रोलर स्केटर्स कल 13 दिसम्बर को चेन्नई, के लिए रवाना होंगे। प्राचार्य फादर डॉ.अथनस लकड़ा एस.जे. एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी ने कोच संजय मिश्रा व चारों छात्र-छात्राओं को नेशनल रोलर स्केटिंग पमें स्कूल का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं दीं।

# तीसरी नेशनल ब्रेकिंग चैंपियनशिप में 120 ब्रेक डांस प्लेयर ने दिखाया अपनी प्रतिभा का जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एलएनसीटी विश्वविद्यालय के द्वारा ब्रेक डांस फेडरेशन के तत्वावधान में तीसरी नेशनल ब्रेकिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन में भारत वर्ष के विभिन्न 10 राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश के लगभग 120 ब्रेक डांस प्लेयर ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।

जिसमें अंडर 16 बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश की परीशा गुप्ता ने प्रथम, दिल्ली की प्राची गुप्ता ने द्वितीय, आंध्र प्रदेश की अक्षिता स्वराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 बालक वर्ग में मध्य प्रदेश के अंश वर्मा ने प्रथम, महाराष्ट्र के मयूर शिवराज माला ने द्वितीय, मध्यप्रदेश के अमित मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





एलएनसीटी में तीसरी नेशनल ब्रेकिंग चैंपियनशिप

# जामरान की सटीक गेंदबाजी से आइपीसीए इलेवन फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जामरान जावेद की सटीक गेंदबाजी की मदद से आइपीसीए भोपाल इलेवन की टीम ने आफिसर इलेवन को नौ विकेट से पराजित यहां खेली जा रही राजा अली टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई है। बाबे आली मैदान में आफिसर इलेवन की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 103 रन की पारी खेली। उसकी ओर से फुरखान अहमद ने सर्वाधिक 18 रन की पारी खेली। आइपीसीए भोपाल इलेवन की ओर से जामरान जावेद ने तीन ओवर की गेंदबाजी में 11 रन देकर तीन सफलताएं प्राप्त की। अरशद खान और सरगम विश्वकर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए। मैन आफ द मैच का पुस्कार जामरान जावेद को दिया गया।

क्रिकेट का महाकुंभ ऐबु यूनियन द्वारा ऐबु कप 2023 सीजन- 4

# एफपीएम राइडर ,ईएम सुपर स्टार एवेंजरस ने जीते अपने अपने मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐबु यूनियन द्वारा ऐबु कप 2023 सीजन- 4 टूर्नामेंट के पांचवे दिन का पहला मैच एफपीएम राइडर और एलईएम स्टार एलेवन के बीच खेला गया जिसमे एफ पी एम राइडर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान योगेंद्र भदोरिया की 12 गेंदों मे फ़ास्टेस्ट अर्धशतक ,राकेश यादव की 19 गेंदों मे 44* रन और भूपेंद्र सारसाय की 11 गेंदों मे 38* रन की तेज पारी की बदोलत 8 ओवर मे 2 विकेट के नुकसान पर 161 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह मैच रिकार्ड के नाम रहा। जहां यह इस टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर रहा। वहीं योगेंद्र भदोरिया ने 1 ओवर मे 6 सिक्स और मात्र 11 गेंदों मे सबसे तेज अर्धशतक की बराबरी की। 162 रन के जवाब मे उतरी एलईएम स्टार इलेवन 8 ओवर मे 79 रन बना पाई। अरुण एक्का ने 23 रन की पारी खेली। सिद्धार्थ दुबे ने 2 विकेट झटके, रिकार्ड धारी खिलाडी योगेंद्र भदोरिया मैन ऑफ द मैच चुने गए।



वहीं छठवें दिन का पहला मैच ईएम सुपर स्टार और एसटीएम सुपर जाइंट के बीच खेला गया जिसमें ईएम सुपर स्टार ने महेंद्र ठाकरे की 10 गेंदों में 33 रन, संतोष पवार की 17 गेंदों मे 34* रन कप्तान महेंद्र राय की 21 गेंदों मे 30* रन की पारी के बदौलत 8 ओवर में 1 विकेट गंवा कर 100 रन बनाए। 101 के जवाब में सुपर जाइंट 8 ओवर में 84 रन बना पाई। टीम की और से असलम आज़ाद ने 31 की पारी खेली। लक्ष्मण डेहरिया ने 3 विकेट झटके। ईएम सुपर स्टार ने मैच 16 रन से जीता। संतोष पवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## राहुल चुने गए मैन ऑफ द मैच

वहीं दिन का दुसरा मैच जी जेबी बुल्स और 1 न. ब्लॉक एवेंजरस के बीच खेला गया, जिसमे एवेंजरस ने पहले खेलते हुए 8 ओवर में 3 विकेट खोकर 108 रन बनाए। राहुल मालवीय और संतोष मेहरा ने 33-33 रन की पारी खेली। जबाव में जीजेबी बुल्स 7.3 ओवर मे 42 रन पर आलआउट हो गई। राहुल मालवीय, कलीम खान, संजय मीना ने 2-2 विकेट झटके। एवेंजरस ने 66 रन से जीत हासिल की। राहुल मालवीय आलराउंड प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच चुने गये।




## खबर संक्षेप

### मोटोरोला पैनटोन स्मार्टफोन ब्रांड बना



**नई दिल्ली।** सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला और वैश्विक रंग प्राधिकरण पैनटोन ने दूसरे वर्ष पैनटोन कलर ऑफ द ईयर में डिवाइस बनाने के लिए टीम बनाई है। वर्ष 2024 का पैनटोन कलर, पैनटोन 13-1023 पीच फज, मानव कनेक्शन के महत्व को पुष्ट करता है और इसे दर्शाने के लिए चुने गए डिवाइस भी-मोटोरोला रेज़र 40 अल्ट्रा और मोटोरोला एज 40 नियो। मोटोरोला पैनटोन के साथ सहयोग करने वाला पहला और एकमात्र स्मार्टफोन ब्रांड है। इस वर्ष चुने गए रंग पैनटोन 13-1023 पीच फ़ज़ के साथ पैनटोन कलर ऑफ द ईयर कार्यक्रम की 25वीं वर्षगांठ है।

### बजाज आलियांज ऐस इंक्रीजिंग इनकम लांच

**पुणे ।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी प्रमुख भागीदारी बचत योजना 'बजाज आलियांज लाइफ ऐस- इंक्रीजिंग इनकम' लांच की है। इंडस्ट्री में अपनी किस्म का यह पहला प्लान एक नॉन-लिंक्ड और पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत प्लान है, जो ग्राहकों को बढ़ती आय के निरंतर प्रवाह के साथ सशक्त बनाता है, और बढ़ती लागतों से उन्हें सुरक्षा प्रदान करता है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरूण चुघ के अनुसार बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ तेजी से बदलते आर्थिक माहौल में हम समझते हैं कि ग्राहक मदद के लिए दीर्घकालिक संपत्ति बनाने के अवसर तलाशते हैं, ताकि वे अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकें।

# नवंबर में तेजी से बढ़ी खुदरा महंगाई दर, 5.5 प्रतिशत पर पहुंचा आंकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारत की खुदरा महंगाई दर अक्टूबर महीने के चार महीने के निचले स्तर 4.8 प्रतिशत पर आने के बाद नवंबर में तेजी से बढ़कर 5.55 प्रतिशत हो गई। खुदरा महंगाई दर में यह इजाफा खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के कारण हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के लिए खाद्य कीमतों में तेज वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया गया है। उल्लेखनीय है कि नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 8.70 प्रतिशत रही।




वृद्धि के बावजूद मुद्रास्फीति का नवंबर महीने का आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत के स्वीकार्य दायरे के भीतर बना हुआ है। जारी आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर में 0.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के लिए खाद्य कीमतों में तेज वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया गया है। उल्लेखनीय है कि नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 8.70 प्रतिशत रही। पिछले सप्ताह घोषित मौद्रिक नीति में आरबीआई ने 2023-24 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, इसमें तीसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 5.2 प्रतिशत की महंगाई दर रहने की बात कही गई है।

### मूल्यवृद्धि के बावजूद महंगाई दर केंद्रीय बैंक के स्वीकार दायरे के भीतर

वृद्धि के बावजूद मुद्रास्फीति का नवंबर महीने का आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत के स्वीकार्य दायरे के भीतर बना हुआ है। जारी आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर में 0.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति में वृद्धि से केंद्रीय बैंक का काम मुश्किल हो सकता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी हालिया मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है, लेकिन एमपीसी ने चेतावनी भी दी है कि जरूरत पड़ने पर वह उचित नीतिगत कदम उठाने के लिए 'अत्यधिक सतर्क' रहेगी।

### अक्टूबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन 16 महीने के उच्च स्तर 11.7 फीसदी पर पहुंचा

*सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि अक्टूबर 2023 में देश का औद्योगिक उत्पादन 16 महीने के उच्च स्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 4.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सितंबर में इसमें 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। फैक्टरी उत्पादन को औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाता है।*

### थोक में घटे दाम तो फुटकर भाव में लगी आग, किलो में नहीं पाव में बता रहे भाव

# 5 दिन में 30 रुपए किलो घटा लहसुन और फुटकर में जमकर मुनाफाखोरी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित देशभर में इन दिनों लहसुन के फुटकर भाव को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन राजधानी के करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी के लहसुन व्यापारी मो. आरिफ के अनुसार बीते पांच दिनों में लहसुन के भाव 30 रुपए किलो घटे रहे हैं। उनके अनुसार हफ्तेभर पहले जो लहसुन ऊंचे में 24000 से 26000 रुपए क्विंटल के भाव बिकी वह मंगलवार को थोक सब्जी मंडी करोंद में 14000 से 18000 रुपए क्विंटल क्वालिटीनुसार के भाव पर लहसुन के सौदे हुए। घटे भाव की वजह लेवाली नहीं होना। तो वहीं माल का खराब होना। तो वहीं राजधानी के हाट बाजारों में लहसुन के फुटकर भाव 60 से 80 रुपए पाव है। विक्रेता लहसुन के भाव किलो के बजाय पाव में बता रहे है।

#### प्याज -टमाटर के बाद लहसुन के भाव में बढ़ी महंगाई



मंडी व्यापारियों के अनुसार थोक में एक ओर जहां लहसुन के भाव घट रहे हैं तो फुटकर में फुटकर विक्रेताओं द्वारा की जा रही जमकर मुनाफावसूली की बदौलत लहसुन की कीमत में आग लगी हुई है। लहसुन खरीदने के लिए उपभोक्ताओं के अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। गौरतलब है कि प्याज और टमाटर के बाद लहसुन के भाव में डायन महंगाई घर किए हुए है। थोक में लहसुन के भाव सातवें आसमान पर होने से हाट-बाजारों में इसके फुटकर भाव में आग लगी हुई है। विक्रेता लहसुन के भाव किलो में नहीं बल्कि पाव (250 ग्राम) में बता रहे हैं और लहसुन के भाव सुनकर लोग भौचक्के हो रहे हैं। राजधानी भोपाल में लहसुन 250 से 300 रुपए किलो के भाव बिक रही है तो देश के कई इलाकों में लहसुन की कीमतें 400 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं।

#### खराब फसल की वजह से आपूर्ति में गिरावट आई

*जानकारों का मानना है कि अभी लहसुन की कीमतों में और इजाफा देखने को मिल सकता है। मौसम की मार के चलते लहसुन की फसल चौपट हो गई है। लिहाजा इसका असर लहसुन के उत्पादन पर पड़ा है। इस खराब फसल की वजह से आपूर्ति में गिरावट आई है। महाराष्ट्र में अब मुंबई के थोक व्यापारी गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से लहसुन खरीद रहे हैं। इससे लागत और बाकी स्थानीय शुल्क बढ़ गए हैं। इसका असर लहसुन की कीमतों पर पड़ा है। लहसुन की कीमतों में बेतहाशा इजाफा हुआ है। थोक कीमतों के बारे में बात करें तो इसके दाम 140-180 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। हालांकि होलसेल में बाजार अच्छी क्वालिटी की लहसुन 220 रुपए से 250 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है।*

### जीरे की बुआई बढ़ने से दाम घटने लगे, भाव 10 दिन में 14 फीसदी

# शहर में 400 रुपए किलो हुआ जीरा, नई फसल आने पर मार्च में दाम होंगे आधे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पिछले पांच महीनों से तूफानी तेजी के साथ ऊंचे में 700 रुपए किलो के भाव बिका जीरे का भाव पिछले डेढ़ महीने से गिरावट की ओर अग्रसर है। स्थानीय मसाला बाजार में इन दिनों जीरा 400 रुपए किलो के भाव बोला जा रहा है। स्थानीय मसाला कारोबारी अनिल कुकरेजा के अनुसार भोपाल में इन दिनों जीरे का थोक भाव 400 रुपए किलो है। मार्च में जीरे की नई फसल आएगी और उम्मीद है कि जीरा 200 रुपए किलो के भाव पर आ जाएगा।

बाजार जानकार बताते हैं कि जीरे की बोआई बढने से दाम घटने लगे है। बीते दस दिन में भाव 14 फीसदी गिर गए है। वायदा बाजार में 65 हजार रुपए तक बिकने वाला जीरा अब 40 हजार रुपए



प्रति क्विंटल से नीचे बिक रहा है। इसके दाम बीते 10 दिन में 14 फीसदी घट चुके हैं। कहा कि जिस तरह से जीरे की बोआई में भारी इजाफा हुआ है, उससे लगता है कि आगे जीरे के भाव में मद्दा ही रहने वाला है। जनवरी अनुबंध के भाव आने वाले दिनों में गिरकर 35,000 रुपए से नीचे जा सकते हैं। इस समय यह 39,500 रुपए के करीब कारोबार कर रहा है। जीरे की नई फसल अगले साल मार्च महीने में आने वाली है।

#### जीरा वायदा भाव में 14.41 फीसदी की गिरावट

जीरे के वायदा भाव में बीते कुछ दिनों से लगातार गिरावट देखी जा रही है। कमोडिटी एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) पर 10 दिन पहले जीरे का जनवरी 2024 अनुबंध 46,120 रुपए के भाव पर बंद हुआ है, जो गिरकर 39,470 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस तरह जीरे के वायदा भाव में 14.41 फीसदी गिरावट आ चुकी है।

# सेंसेक्स 377 अंक टूटा निफ्टी 20950 से नीचे

### निवेशकों के 1.29 लाख करोड़ रुपए डूब गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इसके साथ ही बाजार में पिछले 2 दिनों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स जहां 377 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी गिरकर 20,900 के पास आ गया। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति आज करीब 1.29 लाख करोड़ रुपए डूब गई। कई हैवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली भी आज के गिरावट की मुख्य वजह रही।

### ट्रकों में एसी केबिन अनिवार्य बना देने से इन कंपनियों के शेयरों को लगेंगे पंख

सड़क परिवहन मंत्रालय ने ट्रकों में एयर कंडिशन केबिन को अनिवार्य बना दिया है। 1 अक्टूबर 2025 से यह फैसला लागू हो जाएगा। यह फैसला ट्रक ड्राइवर्स को ध्यान में रखकर लिया गया है। सरकार के इस फैसले का एयर कंडिशन बनाने वाली कंपनियों पर सीधा असर पड़ेगा। उनके लिए कारोबारी मौके बढ़ेंगे।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर ग्रुप देश का वह केंद्र जहां सभी महान वैद्य होते हैं एकत्रितः डॉ.महेश व्यास

**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के तीनों आयुर्वेदिक महाविद्यालयों का दीक्षारंभ समारोह 2023-24 का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। इस दौरान देश के नामचीन वैद्य विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करने एक मंच पर एकत्रित हुए और आयुर्वेद के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को परिचित कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य मुख्य अतिथि एनसीआईएसएम के अध्यक्ष डॉ.राकेश शर्मा ने कहा कि भगवान के बाद चिकित्सक का पद सबसे बड़ा है। विद्यार्थी जीवन में ब्रम्हचर्य का पालन करेंए मोबाइल का प्रयोग न करें और चिकित्सा या अनुसंधान के क्षेत्र में अपना योगदान दें। विशिष्ट अतिथि डीन पीएचडी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली के वैद्य डॉ.महेश व्यास ने कहा कि मानसरोवर ग्रुप देश का वह केंद्र है जहां देश के सभी वैद्य एकत्रित होते हैं, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धा, विश्वास एवं जिज्ञासा चिकित्सक की सफलता की कुंजी है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मानसरोवर ग्रुप के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी, आयुर्वेद महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.बाबुल ताम्रकार, साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ.भारत चौरागड़े, फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ.सतीश शर्मा, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनुराग सिंह राजपूत और मानसरोवर ग्लोबल युनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर कर्नल एचआर रूहिल ने मां सरस्वती एवं धनवंतरी पूजन के साथ किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ.वर्षा अदाव द्वारा प्री टेस्ट लिया गाया। डॉ.सचिन खेड़िकर ने आयुर्वेद के पाठ्यक्रम, नियम, परीक्षा संबंधित जानकारी दी। डॉ.मदन मोहन कुशवाह द्वारा श्री साईं ग्रुप का परिचय दिया गया। वहीं डॉ.जागृति रिछारिया ने मानसरोवर परिवार से विद्यार्थियों का परिचय कराया और डॉ.लीना गोहानी ने फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा का परिचय कराया। इस दौरान डॉ.मनीषा राठी, डॉ.स्वाति व्यास सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी गण मौजूद रहे।




### भाभा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में नेशनल फार्मेसी वीक का शुभारंभ

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एवं विश्व फार्मेसिस्ट दिवस के अवसर पर फार्मेसी विभाग में फैकल्टी आफ फार्मेसी द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम के प्रथम दिन कार्यक्रम की शुरवात दीप प्रज्वालित कर की गई, जिसमे कार्यक्रम के प्रथम दिन वृक्षारोपण एवं जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपित पौधों में मुख्य रूप से सभी औषधीय एवं भेषजिक गुणों से युक्त हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सीईओ प्रसाद पिल्लई ने फार्मासिस्ट की समाज में क्या भूमिका होती है उसके बारे में बताया कि इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ.सत्कार प्रसाद ने इसे पर्यावरण एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोगी बताते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया। डिप्लोमा फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ.अमित दुबे ने औषधीय पौधो के बारे में एवं फार्मासिस्ट की भूमिका को समझाया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एसएस लल्लई सभी डीन प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.मोनिका परमार ने किया।



### यूनियन बैंक आईबीएसआई ग्लोबल फिनटेक इनोवेशन अवॉर्ड से सम्मानित

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंक की संवादात्मक बैंकिंग पहल यूनियन वर्चुअल कनेक्ट (यूवीकॉन) बैंक का व्हाट्सएप बैंकिंग चैनल एवं यूनियन वॉयस असिस्टेंट (यूवीए)-बैंक का वॉयस बैंकिंग चैनल के लिए सर्वश्रेष्ठ डिजिटल चैनल,प्लेटफ़ॉर्म कार्यान्वयन श्रेणी के तहत इंटरनेशनल बैंकिंग सिस्टम इंटेलिजेंस (आईबीएसआई) ग्लोबल फिनटेक इनोवेशन अवॉर्ड, 2023 से सम्मानित किया गया है। यह 49 देशों के 106 बैंकों से 250 से अधिक नामांकन प्राप्त करने वाला पुरस्कार बैंकिंग प्रौद्योगिकी कार्यान्वयन और उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नवाचारों के माध्यम से प्रभाव डालने में उनकी उत्कृष्टता के लिए वित्तीय संस्थानों एवं प्रौद्योगिकी खिलाड़ियों को सम्मानित करता है। इस सम्मान पर नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा, ₹बैंक की संवादात्मक बैंकिंग पहल ग्राहक सेवा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है. यह पुरस्कार बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए बैंक के निरंतर समर्पण को दर्शाता है। अनिल कुरील, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि यूवीकॉन और यूवीए बैंकिंग को समावेशी एवं उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के बैंक के निरंतर प्रयासों का परिणाम हैं।

### सीएसआर अवॉर्ड समारोह दी सीएसआर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स संपन्न

**मुंबई ।** देश का सबसे प्रतिष्ठित सीएसआर अवार्ड समारोह दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 संपन्न हुआ। दी सीएसआर जर्नल द्वारा आयोजित सीएसआर पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद रहें। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी यानी सीएसआर जगत में देश का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह है, जो मुंबई के आइकोनिक सेंटर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित किया गया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस का ये अवाड्र्स समारोह छठा संस्करण रहा। इस साल पुरस्कारों का विषय युवा सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'इंडिया फर्स्ट' था। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 में देश के तमाम ब्यूरोक्रेट, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवा, कलाकारों व छात्रों सहित 600 से अधिक लोग शामिल हुए।




### हर्बालाइफ और शूलिनी विवि में समझौता

**बेंगलुरु।** एक प्रमुख वैश्विक स्वास्थ्य व कल्याण कंपनी एवं समुदाय, हर्बालाइफ इंडिया ने आज हिमाचल प्रदेश के सोलन में शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज के साथ अपनी तरह के पहले समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में कंपनी ऑनलाइन मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) में डायरेक्ट सेलिंग विषय का हिस्सा बनेगी। डायरेक्ट सेलिंग उद्योग व्यक्तियों को उद्यमी बनने और व्यक्तिगत एवं करियर विकास से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है। विकास के लिए कौशल वृद्धि अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह पेशेवरों को उनके नेतृत्व, बिक्री और व्यापक व्यावसायिक क्षमताओं को निखारने में मदद करती है। प्रतिष्ठित शूलिनी विश्वविद्यालय के साथ इस सहयोग का उद्देश्य बाजार में एक प्रभावी चैनल के रूप में प्रत्यक्ष बिक्री पर ध्यान केंद्रित करना और भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग को रोजगार, आर्थिक विकास और उद्यमिता के उत्प्रेरक के रूप में प्रदर्शित करना है।

### इंटेग्रा एसेंशिया को मिला 180 मिलियन का नया ऑर्डर

**नई दिल्ली।** इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को प्रीमियम चावल की आपूर्ति के लिए 180 मिलियन का एक और नया ऑर्डर मिला है, इस प्रकार कंसोलिडेटेड ऑर्डर बुक 300 मिलियन हो गई है, जो चालू वर्ष के अंदर पूरी हो जाएगी। मौजूदा ऑर्डर बुक, सोर्सिंग और सप्लाईज प्लान के क्रियान्वयन के साथ कंपनी चालू वित्त वर्ष के दौरान सालाना आधार पर लगभग 25 फीसदी की ओवर ऑल ग्रोथ हासिल कर रही है। इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में निर्धारित रेवेन्यू टार्गेट्स को पार करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER, Gwalior Municipal Corporation**

No.-/PIU/2023 **(NIT)** Date : 06/12/2023

Gwalior Municipal Corporation, Gwalior Invites online for the following work: जनसम्पर्क RO क्रमांक 721, दिनांक 11-12-2023

| S. No. | E-Tender No. | Tender Name | Probable Amount of Contract (Rs.) | EMD (Rs.) | Tender Fee (Rs.) | Period of completion | Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2023_UAD_316068_1 | Upgradation and Restoration of Nagar Nigam Museum, Zone no. 13 at Gwalior File no. 13/18/3/3 | 7,31,99,719/- | 3,66,000/- | 30,000/- | 545 Days | 09/10/23, 10:30 Am to 22/12/23, 5:30 Pm |

Full detail of the above tenders can be seen on www.mptenders.gov.in Amendments to NIT, if any shall be published on website only. (G.S.T. Excluding).

Executive Engineer (PIU) Gwalior Municipal Corporation

**कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर**

Tel.& Fax - 07562-226480,9425034930 Email id- jsdjseh@mp.gov.in

क्रमांक/निविदा/2023/02 सीहोर, दिनांक 05/12/2023

-: ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना :-

वर्ष 2023-2024 (द्वितीय आमंत्रण)

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत जिला जेल सीहोर में परिरूद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2023-2024 में लगने वाली खाद्यान्न सामग्री, सब्जियाँ दावाईयाँ के क्रय हेतु निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्वति (online system) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है । समस्त जानकारी बेबसाईट https://www.mptenders.goov.in पर देखी जा सकती है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि- | दिनांक 11.12.2023 को समय प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर पर नियम समय पर होगी । |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि- (निविदा फार्म का मूल्य 1000 रूपये ऑनलाइन जमा की जावेगी) | दिनांक 28.12.2023 समय शाम 05:30 बजे तक | बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेंगे । |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- | दिनांक 28.12.2023 समय शाम: 05:30 बजे तक | बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जायेगी। |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.12.2023 समय प्रातः 11:30 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर पर जमा करें । |
| 5. | नमूने गुणवत्ता परीक्षण तिथि | दिनांक 30.12.2023 समय दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर में किया जायेगा। |
| 6. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की ऑनलाईन तिथि | दिनांक 02.01.2024 समय दोपहर 11:30 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर में तकनीकी निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी । |
| 7. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 06.01.2024 समय दोपहर 11:30 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर में वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी । |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (online system) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है । निविदा एवं उससे संबंति समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे । निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक जिला अधीक्षक जिला जेल सीहोर द्वारा की जावेगी । निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट पर किया जायेगा । जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा ।

उप जेल अधीक्षक
जिला जेल सीहोर

जी-21526/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

**संचालनालय, जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनायें**
**35, राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स,भोपाल (म.प्र.)**

ई मेल dirtadp@mp.gov.in
Phone 0755-2551547, 2554655

क्रमांक/भंडार/निविदा/2023/3588 भोपाल, दिनांक 07/12/2023

**निविदा सूचना**

संचालनालय, जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनायें, 35 राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल में वर्ष 2023-24 में शासकीय कम्प्यूटरों/प्रिंटरों आदि के रखरखाव के कार्य हेतु पंजीकृत/मान्यता प्राप्त फर्म एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गो की संस्था/फर्म से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं नियम/शर्ते राशि रुपए 500/- नगद/बैंक ड्राफ्ट जमाकर संचालक, जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनायें, 35 राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल की भण्डार शाखा से प्राप्त कर इच्छुक संस्थान दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को दोपहर 3.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में कम्प्यूटर/प्रिंटर रखरखाव कार्य निविदा वर्ष 2023-24" अंकित कर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय के बाद निविदा मान्य/विचारणीय नही होगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन दिनांक 21/12/2023 को सायः 4.00 बजे अथवा विभागीय क्रय समिति द्वारा प्रदाय आगामी तिथि एवं समय को निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जावेगी। जिन संस्थाओं /फर्म को किसी शासकीय कार्यालय द्वारा ब्लैक लिस्टेड किया गया है, वे निविदा हेतु पात्र नही होगी।

(सोनिया मीना)
संचालक
जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनायें
मध्य प्रदेश, भोपाल

जी-21548/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा – इंजीनियरिंग विभाग

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएं भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांकः** सीपीएम–जीएसयू–जबल–ई.पी.सी.1–2023 दिनांकः 08.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में सतना रेलवे स्टेशन का मेजर अपग्रेडेशन (उन्नयन), **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 2551213012.00, **बयाना राशि रूपयेः** 12800000/–, **समापन अवधिः** 24 माह, **निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15:30 बजे):** 26.01.2024, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (16:00 बजे):** 26.01.2024, उपरोक्त ई–निविदाओं की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

उप.मुख्य अभियंता (गति शक्ति यूनिट)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (कक्ष समन्वय)**

वन भवन, लिंक रोड नम्बर 2, तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) 462003

E-mail: apccfcoord@mp.gov.in Tel: off: 0755-2524131

क्रमांक / समन्वय / भंडार / 6661 भोपाल, दिनांक : 08.12.2023

कार्यालयीन कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं फोटोकापी मशीन की सामग्री हेतु ऑनलाइन निविदा सूचना

निविदा का विवरण

| क्र. | विषय | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र विक्रय का प्रारंभ दिनांक | दिनांक 15/12/2023 को ऑनलाइन |
| 2. | निविदा जमा करने का दिनांक एवं समय | दिनांक 02/01/2024 को अपरान्ह 05 बजे तक |
| 3. | तकनीकी निविदा खोले जाने का दिनांक | 03/01 2024 को अपरान्ह 03 बजे |
| 4. | निविदा खोले जाने का स्थान | वन भवन, लिंक रोड न. 2. भोपाल, म.प्र. समन्वय शाखा, कक्ष कमाक- C 2.33 |
| 5. | निविदा प्रपत्र मूल्य | 1,000/- (रुपए एक हजार मात्र) /- उप वन संरक्षक (रोकड़) के नाम से ऑनलाइन |
| 6. | निविदा प्रतिभूति राशि (ई. एम.डी) निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी। | 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) ऑनलाइन |
| 7. | निष्पादन प्रतिभूति (परफॉरमेस गारन्टी) / धरोहर राशि सफल निविदाकार को एक वर्ष अथवा सामग्री प्रदाय करने तक के लिए | कार्य के मूल्य का 3 प्रतिशत राशि किसी भ मान्यता प्राप्त वाणिज्यिक बैंक के डिमांड / मियादी जमा राशि या irrevocoble बैंक गारंटी के रूप में। |

टीप -
1. निविदा गात्र आनॅलाइन स्वीकार की जावेगी। ऑनलाइन निविदा म.प्र. शासन के एम.पी.ई. प्रोक्योरमेंट की साईट https://mptenders.gov.in से प्रस्तुत किया जावेगी। आनॅलाइन का दिनांक, समय उपरोक्तानुसार अंकित विवरण अनुसार प्रक्रिया के लिए लागू होगा।
2. म.प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) में अंकित समस्त नियम शर्ते सामग्री क्रय करने हेतु अनिवार्यतः मान्य होंगी ।
3. निविदा फार्म वेबसाइट https://mptenders.gov.in से रुपए 1000/- उप वन संरक्षक,रोकड़ के नाम जमा कर डाउनलोड किया जा सकेगा।
4. निविदा प्रतिभूति राशि रुपए 1,00,000/-(रुपए एक लाख मात्र) ऑनलाइन जमा करना होगा।
5. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाला दस्तावेज उसी कम में होना चाहिए जिस क्रम में निविदा प्रपत्र में वर्णित है। अर्थात निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले डोक्यूमेन्टस निविदा फार्म में अंकित अनुसार ही पेज नम्बर अंकित कर संलग्न करना होगा।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (समन्वय)
मध्यप्रदेश, भोपाल

जी-21540/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

राजस्थान में दो उप मुख्यमंत्री, स्पीकर बने

# भजनलाल, दीया और प्रेम को कमान सौंप भाजपा ने साधा लक्ष्य

एजेंसी ⏭ जयपुर

दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवला को उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है।

पार्टी ने इन तीन नेताओं के जरिए 4 समीकरण साधने की कोशिश की है। लोकसभा चुनाव में 6 महीनों से भी कम का समय रह गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव से पहले ज्यादा से ज्यादा जातियों को साधने की कोशिश में बीजेपी ने राजस्थान में भी एक सीएम और 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला अपनाया है।



### डिप्टी सीएम बैरवा

*जयपुर प्रेमचंद बैरवा का नाम राजस्थान के उपमुख्यमंत्री बने हैं। बैरवा राजस्थान के दूदू से विधायक हैं। बैरवा या बेरवा राजस्थान के साथ ही मध्य प्रदेश और दिल्ली में रहने वाली अनुसूचित जाति है। उन्होंने 2018 में हार के बाद वापसी की है। 49 वर्षीय विधायक ने 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार बाबूलाल नागर को 35,743 वोटों के मामूली अंतर से हराकर सीट जीती थी। 2013 में कांग्रेस उम्मीदवार हजारी लाल नागर को 33,720 वोटों के अंतर से हराकर दूदू निर्वाचन क्षेत्र जीता था। वे 2018 में बाबू लाल नागर से हार गए थे।*

### दीया का है राज परिवार से संबंध, स्कूलों व होटलों की मालकिन

दीया कुमारी का संबंध राजस्थान के एक राज परिवार से है। उनके दादा मान सिंह-2 जयपुर के अंतिम महाराजा थे। वे दिवंगत महाराजा सवाई भवानी सिंह और महारानी पद्मिनी देवी की बेटी हैं। अकबर के नवरत्नों में जयपुर के महाराजा मान सिंह भी शामिल थे। उनकी 1994 में नरेंद्र सिंह से शादी हुई थी। 2018 में दोनों ने तलाक ले लिया था। उन्होंने ब्रिटेन जाकर पढ़ाई की है। उन्होंने लंदन मेंडेकोरेटिव आर्ट्स में पढ़ाई पूरी की। 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वे दो स्कूलों, दो ट्रस्टों और संग्रहालयों, होटलों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का भी नेतृत्व करती हैं।बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सदस्य हैं।



### वासुदेव देवनानी

## राजस्थान के विधानसभा स्पीकर

अजमेर उत्तर से लगातार पांचवीं बार के बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी को राजस्थान का विधानसभा स्पीकर बनाया गया है।अजमेर उत्तर के निवर्तमान विधायक वासुदेव देवनानी हैं, जो भाजपा का एक प्रमुख चेहरा हैं। 2018 में हुए पिछले चुनावों में, वासुदेव देवनानी ने 132,947 वोटों में से कुल 67,881 वोटों के साथ शानदार जीत हासिल की थी। कांग्रेस के उम्मीदवार, महेंद्र सिंह रलावता पर उनकी जीत 8,630 वोटों के महत्वपूर्ण अंतर से हुई। 2013 में, भाजपा के वासुदेव देवनानी कांग्रेस के डॉ. श्रीगोपाल बाहेती को 20,479 वोटों के प्रभावशाली अंतर से पीछे छोड़कर विजयी हुए थे। दूसरी ओर, 2008 का चुनाव बेहद रोमांचक था क्योंकि वासुदेव देवनानी ने डॉ. श्रीगोपाल बाहेती के खिलाफ सिर्फ 688 वोटों की मामूली बढ़त के साथ सीट हासिल की थी।



### 10 मुख्यमंत्रियों के चयन में भी भाजपा ने देश को चौंकाया था

भाजपा ने ऐसा पहली बार नहीं किया है इससे पहले भी कई राज्यों में नए चेहरों को कुर्सी सौंपकर राजनीतिक विशेषज्ञों के सारे अनुमान गलत साबित किए हैं।सोशल मीडिया से लेकर चौक-चौराहों तक आमजन के बीच चर्चा है कि मोदी-शाह की ये जोड़ी सरप्राइज देने में अव्वल है। इनकी ओर से लिए गए बड़े-बड़े फैसलों की भनक मीडिया तो दूर इनके खुद के करीबी नेताओं, मंत्रियों और अधिकारियों तक को नहीं होती है।

#### इनके नाम पर भी लग गई थी मुहर

- *विष्णुदेव साय: सीएम रेस में नहीं था नाम*
- *पुष्कर धामी : दूसरी बार के विधायक ने ली शपथ*
- *भूपेंद्र पटेल: सीएम रेस में दूर-दूर तक नहीं था जिक्र*
- *तीरथ सिंह रावत: ईमानदार छवि के नेता को सौंपी कुर्सी*
- *प्रमोद सावंत: आयुर्वेद चिकित्सक को बनाया मुख्यमंत्री*
- *मनोहर लाल खट्टर: गैर जाट नेता पर लगाया दांव*
- *रघुवर दास: पहले गैर आविासी सीएम बने*
- *देवेंद्र फडणवीस: दूसरे सबसे युवा सीएम बने*
- *हिमंत बिस्वा सरमा: सर्वानंद नहीं सरमा बन गए सीएम*
- *द्रौपदी मुर्मू और रामनाथ कोविंद के नाम पर चौंके लोग*

---

## खबर संक्षेप

### महुआ 1 माह में खाली करें सरकारी आवास

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद और तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को अगले 30 दिन में सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा गया है। लोकसभा से निष्कासित किए जाने के बाद महुआ ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका की है। उन्होंने अपनी याचिका में लोकसभा से अपने निलंबन को चुनौती दी है।



### जेएनयू में धरना तो 20 हजार जुर्माना-निलंबन

**नई दिल्ली।** अब अगर जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) में विरोध प्रदर्शन किया तो ये महंगा पड़ेगा। जेएनयू प्रशासन ने शैक्षणिक भवन के 100 मीटर के दायरे में पोस्टर लगाना और विरोध प्रदर्शन करना बैन कर दिया है। उल्लंघन करने पर 20,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है या निष्कासन भी हो सकता है।




### शाह को शायद इतिहास नहीं मालूम: राहुल

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह विपक्ष पर हमला करते हुए कहा था कि पूरा देश समझ गया है कि कश्मीर मुद्दे से निपटने में पं.जवाहरलाल नेहरू की गलती थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि ये बात केवल भ्रमित करने के लिए की गई है। मूल मुद्दा जातीय जनगणना है। शाह को ंितिहास नहीं मालूम है।



### पुजारी पर गलत पोस्ट कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अयोध्या राम मंदिर के पुजारी मोहित पांडे का फर्जी अश्लील वीडियो प्रसारित पर पुलिस ने गुजरात कांग्रेस नेता हितेंद्र पीठडीया को गिरफ्तार किया है। अहमदाबाद साइबर क्राइम ने पीठडीया की पोस्ट पर उठे विवाद के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।



---

पीएम मोदी ने जीपीएआई शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन और बोले

# हम एआई की क्षमता का फायदा उठाएं और भविष्य को गढ़ने का आधार बनाएं



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का मंगलवार को उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल एआई एक्सपो का भी अवलोकन किया।

जीपीएआई 29 सदस्य देशों के साथ एक बहु-हितधारक पहल है, जिसका लक्ष्य एआई से संबंधित प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों का समर्थन करके एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को खत्म करना है। भारत 2024 में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रमुख अध्यक्ष है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में हम एआई नवाचार की भावना देख रहे हैं, सरकार की नीतियां और कार्यक्रम सभी के लिए एआई' द्वारा निर्देशित हैं, भारत एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआई परिवर्तनकारी है लेकिन इसे अधिक से अधिक पारदर्शी बनाना हम पर निर्भर है।हमें अत्यधिक सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। मेरा मानना है कि इस शिखर सम्मेलन से निकलने वाले सुझाव और विचार हमें दुनिया को एआई के गहरे पहलुओं से उत्पन्न संभावित जोखिमों और चुनौतियों से बचाने में मदद करेंगे।

## एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को खत्म करना ही प्राथमिकता

### हमारा मंत्र है सबका साथ-सबका विकास

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में हमारा विकास मंत्र है, सबका साथ-सबका विकास। हमने एआईफॉर आल की भावना से प्रेरित होकर सरकार की नीतियां और प्रोग्राम तैयार किए हैं। हमारा प्रयास है कि हम सामाजिक विकास और उन्नति के लिए एआई की क्षमताओं का पूरा फायदा उठा सकें। यह जिम्मेदारियों से बरा हुआ है। एआई के साथ हम नए युग में प्रवेश कर रहे हैं।



### एआई सबके लाभ के लिए और भले के लिए है

हमें दुनिया को यकीन दिलाना होगा कि एआई उनके लाभ के लिए है, उनके भले के लिए है। हमें दुनिया के विभिन्न देशों को ये भी विश्वास दिलाना होगा कि इस तकनीक की विकास यात्रा में किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाएगा। एआई पर विश्वास तब बढ़ेगा जब इससे जुड़े जमीनी , आर्थिक और सामाजिक सरोकारों पर ध्यान दिया जाएगा।

### हम जल्द शुरू करेंगे भारत में एआई मिशन

हम कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में एआई मिशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। हमारा राष्ट्रीय एआई पोर्टल इन एआई पहलों को समर्थन और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एआई की विकास यात्रा जितनी अधिक समावेशी होगी, समाज उतने ही बेहतर परिणाम प्राप्त करेगा। पिछले दशकों से सीखते हुए जहां प्रौद्योगिकी तक पहुंच में असमानता थी, अब हमें समाज को इस तरह के नुकसान से बचाना चाहिए। जब लोकतांत्रिक मूल्य प्रौद्योगिकी से जुड़ते हैं, तो यह समावेशिता के लिए गुणक के रूप में कार्य करता है।

### नैतिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत

पीएम मोदी ने कहा कि एआई पर भरोसा तभी बढ़ेगा जब संबंधित नैतिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग को एआई विकास वक्र का हिस्सा बनाएं, हमें एआई के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने के लिए मिलकर काम करना होगा। क्या किसी सूचना या उत्पाद को एआई जनित के रूप में चिह्नित करने के लिए एक सॉफ्टवेयर वॉटरमार्क पेश किया जा सकता है, एक ऑडिट तंत्र का पता लगाएं जो एआई टूल को उनकी क्षमताओं के अनुसार लाल, पीले या हरे रंग में वर्गीकृत कर सके।

### आज भारत इसका सबसे बड़ा खिलाड़ी

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एआई टैलेंट और इससे जुड़े न्यू आइडिया का सबसे प्रमुख प्लेयर है। भारत के युवा, इसके जानकार , खोजकर्ता और सीमा का निर्यात कर रहे हैं। आज, भारत एआई और उसके उपसमुच्चय के क्षेत्र में अग्रणी है। हम एआई के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में हमने कृषि में एक एआई चेक पोर्टल लॉन्च किया है, जो किसानों को उनके आवेदन की स्थिति की जांच करने, भुगतान विवरण तक पहुंचने और सरकारी योजनाओं के बारे में आसानी से सूचित रहने की सुविधा प्रदान करता है।

---

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने इंडिया गठबंधन को बताया भ्रष्ट लोगों का एक संघ

# 'भ्रष्टाचार की दुकानें' बंद हों कांग्रेस तो सबसे भ्रष्ट पार्टी

केंद्रीय जांच एजेंसियों का हमला तेज होने पर ये सभी भड़क रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का मोदी सरकार का संकल्प ही विपक्षी नेताओं के एकजुट होने और केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अपना हमला तेज करने का एकमात्र कारण है।

एक संवाददाता सम्मेलन में रिजिजू और भाजपा नेता संगीता सिंहदेव, रामेश्वर तेली और निसिथ प्रमाणिक ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसर से 351 करोड़ रुपए की बरामदगी एक बार की नहीं है। इससे पहले बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और दिल्ली सहित विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ भी मामले दर्ज हैं। रिजिजू ने कहा, कांग्रेस द्वारा खोली गई बहुत सारी भ्रष्टाचार की दुकानें बंद होनी चाहिए। यह कहना गलत नहीं होगा कि आईएनडीआईए गठबंधन के एक साथ आने का लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह भ्रष्ट लोगों द्वारा भ्रष्ट लोगों की भलाई के लिए भ्रष्ट लोगों का एक संघ है।



### बेनर्जी, आप के साथ तमिलनाडु की सरकारें भी कट्टर 'भ्रष्ट'

*कांग्रेस को भ्रष्टाचार पार्टी कहा जाना चाहिए क्योंकि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जड़ है। बेंगलुरु में एक कांग्रेस नेता के रिश्तेदार से 42 करोड़ बरामद किए गए। ममता बेनर्जी सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। तमिलनाडु में, एक मंत्री सेंथिल बालाजी जेल में हैं और जो पार्टी खुद को 'कट्टर ईमानदार' कहती है, उसके कई नेता जेल में हैं।*

### कांग्रेस शासन के दौरान बढ़ा भ्रष्टाचार

रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान भ्रष्टाचार बढ़ा क्योंकि पार्टी भ्रष्ट आचरण को कायम रखने के सिद्धांत में विश्वास करती है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उनकी नीति है... लूटो और दूसरों को लूटने दो। रिजिजू ने कहा कि कई घोटाले सामने आने के बाद मतदाताओं ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को खारिज कर दिया।

---

## करीब 30,000 भक्तों ने ली बौद्ध धार्मिक शिक्षा



**गंगटोक।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो, गंगटोक के पालज़ोर स्टेडियम में लगभग 30,000 भक्तों को बौद्ध धार्मिक शिक्षा देने के लिए पहुंचे।

---

आयकर विभाग की लोगों को सलाह

# 15 दिसंबर तक अग्रिम कर की तीसरी किस्त का करें भुगतान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एडवांस टैक्स की तीसरी किस्त का भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है।

विभाग ने करदाताओं को समय पर अपने अग्रिम कर की किस्त का भुगतान करने की सलाह दी है। विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से अपील की है कि वे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 15 दिसंबर, 2023 तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान करना अवश्य याद रखें।



### ये इन पर लागू

एडवांस टैक्स उन लोगों को चुकाना होता है, जिनकी टैक्स देनदारी 10 हजार रुपए से अधिक होती है। यह नौकरीपेशा लोग, फ्रीलांसर, व्यापारियों और अन्य किसी तरह से पैसे कमाने वाले लोगों पर लागू होता है। हालांकि, कुछ लोगों को छूट भी मिली हुई है।

---

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

# देश में रह रहे अवैध प्रवासियों का आंकड़ा जुटाना असंभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे अवैध प्रवासियों के आंकड़े जुटाना संभव नहीं है क्योंकि अवैध प्रवासी गुप्त तरीके से देश में दाखिल होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई कर रहा है। इसी सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने हलफनामा देकर ये बात बताई। नागरिकता कानून की यह धारा असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित है।



### 17,861 लोगों को अब तक नागरिकता दी

केंद्र ने बताया कि 17,861 लोगों को इस प्रावधान के तहत नागरिकता दी गई है। विदेशी ट्रिब्यूनल के आदेशों के तहत साल 1966-1971 के बीच 32,381 लोगों की बतौर विदेशी पहचान की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 दिसंबर को सरकार से सवाल किया था।

---

राष्ट्रपति ने लखनऊ में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में कहा

# 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लें युवा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को लखनऊ में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी लखनऊ के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

राष्ट्रपति ने मेधावियों को मेडल प्रदान कीं। दीक्षांत समारोह में संबोधन के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बने। उन्होंने जोर दिया कि यह आईआईआईटी लखनऊ के सभी छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल इस दृष्टिकोण में भागीदार बनें बल्कि इसे पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ भी दें। उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उनका स्वागत भी किया।

### अनुकूल आचरण करते हुए भविष्य का निर्माण करें



राष्ट्रपति ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैंने अभी देखा है कि आपके संस्थान के लोगों में विद्या ददाति विनयम... को उल्लेखित किया है जिसका अर्थ है विद्या विनय देती है और विनय से पात्रता आती है। पात्रता से धन आता है और धन से धर्म आता है। धर्म से सुख प्राप्त होता है। मुझे आशा है कि आप सब अपने संस्थान के ध्येय के अनुकूल आचरण करते हुए भविष्य का निर्माण करेंगे।

### भारत प्रौद्योगिकियों के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा

उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। हम चौथी औद्योगिक क्रांति की शुरुआत देख रहे हैं। भारत न केवल चौथी औद्योगिक क्रांति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और ब्लॉकचेन जैसी नई प्रौद्योगिकियों के वैश्विक केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

### सभी छात्र विकास के दृष्टिकोण में भागीदार बनें

उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि आईआईआईटी लखनऊ को विशेष दर्जा दिया गया है। इंजीनियरिंग और बिजनेस जैसे क्षेत्र में शिक्षा प्रधान करने वाले आईआईआईटी जैसे संस्थान शिखर पर खड़े हैं। डिजिटल बिजनेस के लिए संस्थान ने प्रोग्राम शुरू किया है, यह सराहनीय कदम है। राष्ट्रपति ने डिजायर, डेमोक्रेसी, डेवलपमेंट जैसे 5डीका उल्लेख किया। भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरा करने के वक्त विकसित राष्ट्र का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में कार्य करने के लिए आप सबको संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बने।

---

कांग्रेस सांसद साहू के ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा

# आईटी की रेड खत्म, करोड़ों कैश सोने के बिस्किट व कागजात जब्त

एजेंसी ⏭ रांची

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ओडिशा के बलांगीर वाले ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड मंगलवार को खत्म हो गई।

बताया जा रहा है कि आयकर अधिकारियों और सीआईएसएफ कर्मियों को साहू के परिसर से निकलते देखा जा सकता है।बताया जा रहा है कि राज्यसभा एमपी के अकेले बलांगीर स्थित परिसर से करीब 280 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। साहू से जुड़ी संपत्तियों पर रविवार को आयकर छापे के दौरान नोटों के ढेर जब्त किए गए थे। एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि नोटों से भरे कुल 176 बैग मिले। 3 बैंकों के अधिकारियों को इनकी गिनती में लगाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल रहे। नोट गिनने की 40 मशीनें मंगाई गईं जिसमें से 25 इस्तेमाल हुईं।



### सोने के 40 बिस्किट, हीरे जड़ित सोने के आभूषण और डाक्यूमेंट बरामद

बलांगीर के टिटलागढ़ शहर में प्राइवेट बैंक अकाउंट के तीन लॉकरों से 40 सोने के बिस्किट, हीरे जड़ित सोने के आभूषण और कुछ अहम डाक्यूमेंट बरामद हुए। आयकर विभाग की क्षेत्रीय जांच शाखा की ओर से कार्रवाई पर अंतरिम रिपोर्ट विभाग के प्रशासनिक निकाय, दिल्ली में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को भेजी गई है। यह तलाशी भुवनेश्वर मुख्यालय वाली बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ शुरू हुई।

# वेद, शास्त्र और संस्कृत का विशेष ज्ञान रखने वाले रामानंदी परंपरा के विद्वान हैं मोहित पांडे

## रामलला की पूजा के लिए नियुक्त किए हैं सीधी के मोहित पांडे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भगवान रामजी की नगरी अयोध्या देशभर के लोगों और विशेषकर सनातन प्रेमियों के लिए महान आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह की प्राण-प्रतिष्ठा और मंदिर के अभिषेक के लिए, सोमवार, 22 जनवरी 2024 की तारीख तय की गई है। वहीं 24 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई जाने-माने लोग शामिल होंगे। वहीं प्रधानमंत्री के हाथों रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा

### खास बातें

- मुख्य पुजारी को 39,900 और सहायक को 31 हजार रुपए मिलेगा वेतन
- राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को नियुक्त किया गया है



### कौन हैं अयोध्या राम मंदिर के पुजारी मोहित पांडे

रामलला के सेवक के रूप में चुने गए मोहित पांडे वर्तमान में तिरूपति में तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम द्वारा संचालित (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय ( एसवीवीयू) में एमए (आचार्य) पाठ्यक्रम कर रहे हैं। ये मध्य प्रदेश सीधी के रहने वाले हैं। प्रथम श्रेणी सम्मान के साथ स्नातक पूरा होने पर इन्होंने एमए (आचार्य) पाठ्यक्रम में दाखिला लिया। फिलहाल मोहित पांडे साम वेद विभाग में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि, मोहित पांडे की नियुक्ति अयोध्या रामलला के मंदिर के लिए साम वेद विंग में 'आचार्य' के लिए हुई है। नियुक्ति से पहले मोहित पांडे छह महीने की प्रशिक्षण अवधि से गुजर चुके हैं। इसी तरह से उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से राम मंदिर के लिए अन्य पुजारियों का चयन हुआ है।

### 3 हजार उम्मीदवार हुए थे चयन प्रक्रिया में शामिल

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के लिए पुजारियों के चयन के लिए बकायदा आवेदन मांगे गए थे। इसमें 3 हजार उम्मीदवारों को शामिल किया गया। चयन प्रक्रिया में पुजारियों के लिए मापदंड निर्धारित किए गए, जिससे सभी को गुजरना पड़ा। इस प्रक्रिया में 200 आवेदक पुजारी साक्षात्कार तक पहुंचे, जिसमें 50 को पुजारी के रूप में चुना गया। इन्हीं 50 पुजारियों में मोहित पांडे का भी नाम शामिल है, जो इन दिनों खूब चर्चा में बने हुए हैं।

### कितना मिलता है वेतन

जानकारी के मुताबिक श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने हाल ही में पुजारियों के वेतन बढ़ाया था। इस ट्रस्ट ने मई माह में पहला इंक्रीमेंट देते हुए मुख्य पुजारी को 25 हजार रुपए और सहायक पुजारियों को 20 हजार रुपए प्रति माह प्रदान करने का निर्णय लिया था। वहीं अक्टूबर माह में पुनः मुख्य पुजारी का वेतन 25 हजार से बढ़ाकर 32,900 रुपए और सहायक पुजारियों का वेतन 31 हजार रुपए किया गया था।

### मुख्य पुजारी होंगे आचार्य सत्येंद्र दास


मोहित पांड के साथ ही अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी 83 वर्षीय आचार्य सत्येंद्र दास भी चर्चा में बने हुए हैं। ये पिछले 31 सालों से राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी हैं और 1992 में बाबरी विध्वंस से लगभग 9 महीने पहले ही आचार्य सत्येंद्र दास यहां पुजारी के रूप में रामलला की पूजा कर रहे हैं। कहा जाता है कि, 1992 में जब इनकी राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा के लिए इनकी नियुक्ति हुई थी, तब इन्हें वेतन के रूप में 100 रूपए मिलते थे। आचार्य सत्येंद्र दास जी साधु बनना चाहते थे। इसलिए इन्होंने अपना घर भी छोड़ दिया और 1958 में अयोध्या आ गए।

होगी। फिलहाल मंदिर का कार्य और तैयारी जोरों पर हैं। इस बीच राम मंदिर में होने वाली पूजा के लिए पुजारी का चयन भी हो चुका है। खबरों के अनुसार, राम मंदिर में रामलला की पूजा के लिए पुजारी या पुरोहित मोहित पांडे का नाम सामने आ रहा है। मोहित पांडे मध्य प्रदेश के सीधी जिले से हैं। रामलाल की पूजा के लिए नियुक्त किए जाने वाले पुजारियों के लिए कुछ मापदंड निर्धारित किए गए हैं, जिसमें रामनंदीय परंपरा का विद्वान होना जरूरी है। साथ ही जो पंडित राम मंदिर में पूजा करेंगे, उन्हें वेद, शास्त्र और संस्कृत आदि में विशेषज्ञता भी होनी जरूरी है। इन सभी मापदंडों में मोहित पांडे उत्तीर्ण हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी के दरबार में शाहरुख ने टेका माथा

जम्मू। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान एक बार फिर सोमवार-मंगलवार की रात माता वैष्णो देवी के दरबार में माथा टेकने के लिए पहुंचे। अभिनेता शाहरुख अपनी आगामी फिल्म 'डंकी' के रिलीज से पहले माता के दर्शन के लिए पहुंचे। इससे पहले भी फिल्म जवान और पठान के रिलीज होने से पहले उन्होंने धर्मनगरी कटड़ा की यात्रा की थी। उनकी इस यात्रा से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। वीडियो में अभिनेता माता वैष्णो देवी के भवन की ओर बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं।



### उमर को झटका, तलाक की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की एक याचिका को खारिज कर दिया है। इसके जरिये उमर ने अपने से अलग रह रही पत्नी पायल से तलाक मांगे जाने की अर्जी दायर की थी। इसे लेकर हाईकोर्ट ने कहा कि उनकी अपील में कोई योग्यता नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें अब्दुल्ला को तलाक देने से इनकार कर दिया गया था।



### एलओसी के पास दिखा ड्रोन, तलाशी शुरु

जम्मू। कश्मीर में आए दिन घुसपैठ के खबरें सामने आती है। भारत के बहादुर जवानों की सूझबूझ के कारण उनके मंसूबे सफल नहीं हो पाते हैं। ऐसा ही एक मामला और सामने आया है। जम्मू जिला में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास खौड़ थाना के अंतर्गत पलांवालां इलाके में मंगलवार को सेना और पुलिस तलाशी अभियान चलाया। बताया जा रहा है कि नियंत्रण रेखा के पास ड्रोन देखे जाने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने तलाशी अभियान चलाया। पहले भी कुछ मामले सामने आ चुके हैं।



## वेनेजुएला और गुयाना के बीच हाल ही में कुछ दिनों से बढ़ा है तनाव

# वेनेजुएला और गुयाना के घटनाक्रम पर भारत नजर बनाए हुए है: विदेश मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर तनाव कम करने के लिए हालिया क्षेत्रीय राजनयिक पहल का स्वागत किया है। मंत्रालय का कहना है कि इस मामले पर पहले से ही अंतरराष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विचार किया जा रहा है।*

भारत दक्षिण अमेरिकी देशों वेनेजुएला और गुयाना के बीच सैन्य संघर्ष की ओर जाते सीमा विवाद पर नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि हमारा मानना है कि इस मुद्दे को शांतिपूर्वक हल किया जाना चाहिए और तनावपूर्ण कदमों से बचना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर तनाव कम करने के लिए हालिया क्षेत्रीय राजनयिक पहल का स्वागत किया है। मंत्रालय का कहना है कि इस मामले पर पहले से ही अंतरराष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विचार किया जा रहा है।

### गुयाना में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं

भारत के गुयाना के साथ मजबूत संबंध हैं




### वेनेजुएला पांचवां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता

बता दें कि भारत के आधिकारिक व्यापार आंकड़ों के अनुसार, वेनेजुएला 2019 में देश का पांचवां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था, जिसने भारतीय रिफाइनरों को लगभग 16 मिलियन टन कच्चा तेल भेजा। वेनेजुएला जैसे तेल-समृद्ध देश में संघर्ष की संभावना पहले से ही अस्थिर स्थिति को जटिल बनाती है, विशेष रूप से मध्य पूर्व संघर्षों और ओपेक सदस्यों के उत्पादन में कटौती के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में अस्थिरता के प्रकाश में।

### गुयाना के राष्ट्रपति का प्रस्ताव

पिछले सप्ताह हुए जनमत संग्रह में वेनेजुएला के लगभग 96% मतदाताओं ने एस्सेक्विबो क्षेत्र को शामिल करने का समर्थन किया। गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने कहा कि जॉर्जटाउन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस मुद्दे को उठाने की योजना बना रहा था और इस बात पर विचार कर रहा था कि क्या काराकस के एस्सेक्विबो को शामिल करने का निर्णय - जिसमें गुयाना के नियंत्रण के तहत दो-तिहाई क्षेत्र शामिल है - एक प्रस्ताव है।

### दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनात,बढ़ा दी चौकसी

तनाव को देखते हुए दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनात हैं। पिछले हफ्ते वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक जनमत संग्रह बुलाया था जिसमें वेनेजुएला के मतदाताओं ने नए वेनेजुएला राज्य के निर्माण का समर्थन किया और विवाद को खारिज कर दिया। दूसरी ओर, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने कहा है कि गुयाना की सीमा पर कोई चर्चा नहीं है। गुयाना के राष्ट्रपति ने विवाद की मध्यस्थता में आईसीजे के अधिकार क्षेत्र का समर्थन किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अली और मादुरो इस मामले पर विचार-विमर्श करने के लिए गुरुवार को कैरेबियाई द्वीप सेंट विंसेंट में मिलने वाले हैं।

### तेल और गैस का मिला है अथाह भंडार

गुयाना में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और भारत के गुयाना के साथ मजबूत संबंध हैं। इस दृष्टि से वहां का घटनाक्रम भारत के लिए विशेष चिंता का विषय है। गुयाना के एक क्षेत्र एसेक्विबो पर लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद के कारण वेनेजुएला और गुयाना के बीच हाल के हफ्तों में तनाव बढ़ रहा है, जहां तेल और गैस की बड़े पैमाने पर खोज की गई है। यही क्षेत्र वेनेजुएला और गुयाना के बीच तनाव का कारण है। बता दें कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पड़ोसी देश गुयाना द्वारा नियंत्रित तेल समृद्ध क्षेत्र एस्सेक्विबो पर कब्जा करने की योजना को आगे बढ़ रहे हैं। मादुरो ने देश की तेल कंपनियों को वहां से तेल निकालने के लिए लाइसेंस जारी कर दिए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच जारी सीमा विवाद गहरा गया है। वहीं गुयाना ने अपने रक्षा बलों को अलर्ट कर दिया है। बता दें कि एस्सेक्विबो एक सदी से भी अधिक समय से गुयाना और उससे पहले ब्रिटिश गुयाना के अधिकार में है लेकिन वेनेजुएला इस पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल वेनेजुएला का दावा है कि एस्सेक्विबा उसका हिस्सा है। एस्सेक्विबो में तेल का भंडार है। यही वजह है कि दोनों देशों में इसे लेकर विवाद बढ़ गया है।



मलबे से निकाले जा रहे शव

# खैबर पख्तूनख्वा के थाने में हमला, 24 सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल में बड़ा फिदायीन हमला हुआ है। एक पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में 24 सैनिकों की मौत हुई। धमाका इतना भीषण था कि पुलिस स्टेशन के तीन कमरे ढह गए। कई लोग इसके नीचे दब गए। मलबे के शव को निकालने की कोशिश की जा रही है। इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान ने ली है। आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से लगे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने पर हमला हुआ है।

आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 16 घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया जबकि पुलिस की नयी टुकड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और बाद में तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अपेक्षाकृत अज्ञात आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे इस आतंकी संगठन का हाथ रहा है। इसके प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इस हमले को आत्मघाती मिशन (फिदायीन हमला) करार दिया। हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया जबकि सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए।

### टीजेपी ने ली थी जिम्मेदारी

इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के प्रवक्ता मुल्ला मुहम्मद कासिम ने मियांवली के एयरबेस पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने दावा किया है कि अभी कई और हमले किए जाएंगे। यह आतंकी संगठन पाकिस्तान में अफगानिस्तान की तर्ज पर सरकार बनाना चाहता है। पिछले काफी समय से वह सरकारी विभागों को अपना शिकार बना रहा है।

## लेफ्टिनेंट जनरल वकार-उज़-ज़मान ने बताई तैयारी

# सख्त सुरक्षा के बीच 7 जनवरी को होंगे बांग्लादेश में चुनाव

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश सेना ने कहा कि वह कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैनिकों को तैनात करेगी क्योंकि देश 7 जनवरी के आम चुनावों के लिए तैयार है और विपक्षी दलों की मांग है कि चुनाव एक अंतरिम गैर-पक्षपातपूर्ण सरकार के तहत होने चाहिए। आयोग चाहता है कि हम सशस्त्र बलों को स्वस्थ माहौल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए, तैनात किया जाए। सशस्त्र बल प्रभाग के प्रमुख स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वकार-



उज़-ज़मान ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हमने उन्हें हर तरह का समर्थन सुनिश्चित किया। यह घोषणा मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल और अन्य आयुक्तों की आयोग कार्यालय में संबंधित नागरिक और सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के बाद हुई।

## सत्ता में आठ साल का कार्यकाल समाप्त

# पोलैंड के नए प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, मुहर लगी

एजेंसी ▶▶ वॉरसॉ

डोनाल्ड टस्क पोलैंड के अगले प्रधानमंत्री होंगे, पोलैंड की संसद ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा प्रधानमंत्री माट्यूज़ मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान के दौरान टस्क के पक्ष में 248 पड़े, जबकि 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया।

बता दें पोलैंड में 15 अक्तूबर को हुए आम चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन ने जीत हासिल की थी।

### पोलिश संसद के सदस्य विश्वास मत रखेंगे

टस्क अपने मंत्रिमंडल को संसद में पेश करने और अपने शासन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए तैयार हैं। इसके बाद, पोलिश संसद के सदस्य विश्वास मत रखेंगे। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के कार्यालय ने कहा कि वह नई सरकार को शपथ दिलाने के लिए तैयार होंगे।



संयुक्त राष्ट्र पहुंचा पाकिस्तान

# अनुच्छेद 370 पर चीन ने उगला जहर,भारत ने दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को वैध ठहराने के बाद पाकिस्तान जहां बौखलाया हुआ है, वहीं चीन ने अब तक चुप्पी साध रखी थी। भारतीय सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के करीब 24 घंटे बाद चीन ने अब चुप्पी तोड़ी है। चीन ने कहा है कि कश्मीर का मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच इतिहास से जुड़ा हुआ है। चीन ने कहा कि इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और द्विपक्षीय समझौतों के जरिए शांतिपूर्वक तरीके से हल किया जाना चाहिए। इस बीच पाकिस्तान की सरकार अब जम्मू कश्मीर के मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद पहुंच गई है जहां उसे भारत से करारा जवाब मिला है।

### पाकिस्तान में हो रहे अत्याचार पर लगाम लगाएं



भारत ने कहा कि इसकी बजाय पाकिस्तान अपने देश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन बंद करवाए और भारत की जमीन के अंदर सीमापार आतंकवाद पर लगाम लगाए। भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसला देने के बाद से पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार और वहां के नेता बौखलाए हुए हैं। शहबाज शरीफ हों या बिलावल भुट्टो, सभी जहर भरे बयान दे रहे हैं।

### पाक ने माना एकतरफा

पाकिस्तान ने कहा है कि भारतीय सर्वोच्च अदालत का फैसला हम नहीं मानते हैं। भारत को कश्मीर के दर्जे को एकतरफा तरीके से बदलने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारतीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव का उल्लंघन करता है।

## पूनावाला के घर की कीमत है 1446 करोड़ रुपए

# पूनावाला ने लंदन में खरीदा दुनिया का सबसे महंगा घर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पूनावाला के नए घर की कीमत 1,446 करोड़ रुपए है और इसे साल 2023 के सबसे महंगे आशियाने के तौर पर देखा जा रहा है। इसका लोकेशन लंदन के मशहूर हाइड पार्क के पास है।*

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के सीईओ अदार पूनावाला लंदन में सबसे महंगे घर पर दांव लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नए घर की कीमत 1,446 करोड़ रुपए है और इसे साल 2023 के सबसे महंगे आशियाने के तौर पर देखा जा रहा है।

इसका लोकेशन लंदन के मशहूर हाइड पार्क के पास है और इसकी पहचान एबरकॉनवे हाउस के नाम से है। लगभग एक सदी पुराने इस हाउस का अधिग्रहण अदार पूनावाला परिवार के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की यूके सहायक कंपनी सीरम लाइफ साइंसेज द्वारा किया जाएगा।

2023 का सबसे महंगा घर माना जा रहा है

पूनावाला की दौलत 16.8 बिलियन डॉलर है



### लंदन में दूसरी सबसे बड़ी हाउसिंग डील

यह लंदन में दूसरी सबसे बड़ी हाउसिंग डील है। लंदन में सबसे कीमती हाउसिंग डील जनवरी 2020 में हुई थी। इस डील के तहत 2-8ए रटलैंड गेट को 210 मिलियन पाउंड में बेचा गया। इसके वास्तविक खरीदार एवरग्रांडे के संस्थापक और अध्यक्ष हुई का यान निकले। एवरग्रांडे, चीन की वही कंपनी है जो खुद को दिवालिया घोषित कर चुकी है।

### कौन है अदार पूनावाला

अदार पूनावाला की कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड वैक्सीन बनाई है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया विकासशील देशों के लिए कम लागत वाले वैक्सीन का उत्पादन करके दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन निर्माता बन गया है। इस इंस्टीट्यूट ने खसरा, पोलियो और टिटनेस के वैक्सीन का उत्पादन भी किया है। बता दें कि अदार के पिता अरबपति साइरस पूनावाला ने इस इंस्टीट्यूट की स्थापना की थी। साइरस पूनावाला की दौलत 16.8 बिलियन डॉलर है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक साइरस पूनावाला अरबपतियों की रैंकिंग में 108वें स्थान पर हैं।

# कांगो में मूसलाधार बारिश भूस्खलन,14 की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ कांगो

अफ्रीका महाद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा देश कांगो बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में है। यहां के बुकावू शहर में इन दिनों बाढ़ और भूस्खलन ने कोहराम मचाया हुआ है। जानकारी के मुताबिक कांगो के बुकावू शहर में मूसलाधार बारिश की वजह से भूस्खलन और घरों के गिरने के कारण 14 लोगों की मौत हो गई।

अफ्रीका महाद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा देश कांगो बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में है। इससे पहले सितंबर उत्तर-पश्चिमी कांगो में मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ था, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई थी।



### बारिश- भूस्खलन ने मचाया कोहराम

वहीं मई में कांगो के साउथ किवु प्रांत में कालेहे इलाके में बाढ़ और भूस्खलन ने तबाही मचाई थी। हजारों घर, स्कूल और अस्पताल पानी में डूब गए। इसके साथ ही सैकड़ों लोगों की मौत भी हो गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस आपदा में 170 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। यहां लगातार 2 दिन हुई भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई थी।

# सिर्फ 3 भारतीय खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़, हर्षल और उमेश पर अनसोल्ड का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के ऑक्शन में 333 खिलाड़ियों का नाम है। इनमें से 214 भारतीय खिलाड़ी हैं और केवल 3 का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये है। ये खिलाड़ी हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव हैं। हर्षल पटेल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रिलीज कर दिया है। 2022 में मेगा ऑक्शन में उन्हें 10.75 करोड़ में खरीदा गया था। शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव को कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया। शार्दुल को पिछले साल कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स से 10.75 करोड़ रुपये में ट्रेड किया था। उमेश यादव को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब देखना यह है कि 19 दिसंबर को जब ऑक्शन होगा तब क्या फ्रेंचाइजी हर्षल पटेल और उमेश यादव के लिए बोली लगाएंगी। इन दो खिलाड़ियों पर अनसोल्ड रहने का खतरा मंडरा रहा है।*




### टीम इंडिया से बाहर हैं उमेश

दाएं हाथ के 36 साल के तेज गेंदबाज उमेश यादव का टीम इंडिया से भी पत्ता कट चुका है। आईपीएल 2023 में केकेआर के लिए उनका प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 मैचों में सिर्फ 1 विकेट लिया। आईपीएल में उन्होंने 141 मैच में 136 विकेट लिए हैं। टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। आईपीएल 2022 उनका अच्छा रहा था। 16 विकेट लेने की वजह उनकी टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर्स सेटअप में वापसी हुई थी। इसके बाद वह टेस्ट सेट अप से बाहर हो गए। ऐसे में वह अनसोल्ड रह सकते हैं।

### पर्पल कैप जीत चुके हैं हर्षल

हर्षल पटेल के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2021 शानदार रहा था। उन्होंने 32 विकेट लिए थे और पर्पल कैप अपने नाम किया था। 2022 के मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए 10.75 करोड़ रुपये खर्च किया था। 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद से वह टीम से बाहर हैं। 33 साल के खिलाड़ी ने आईपीएल 2023 में 13 मैच में 14 विकेट लिए थे।




### दिल्ली कैपिटल्स ने किए सबसे ज्यादा खिलाड़ी रिलीज

आईपीएल की नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स दूसरी ऐसी फ्रेंचाइजी है जिसने सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज किया है। दिल्ली की टीम ने 11 खिलाड़ियों को रिलीज किया था, जिसके बाद नीलामी में ये फ्रेंचाइजी खाली पड़े 9 स्लॉट को भरना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स चाहेगी कि ऑक्शन में मध्य क्रम और निचले क्रम को भरा जाए। दिल्ली ने दो बाएं हाथ के गेंदबाजों मुस्तफिजुर रहमान और चेतन साकरिया व कमलेश नागरकोटी को भी रिलीज किया है। राइली रूसो और रोवमन पॉवेल को भी रिलीज कर दिया। ऐसे में उनका लोअर ऑर्डर अब कमजोर नजर आ रहा है।

### ऑक्शन से पहले दिल्ली की टीम

ऋषभ पंत, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, इशांत शर्मा, पृथ्वी शॉ, खलील अहमद, ललित यादव, प्रवीण दुबे, मुकेश कुमार, यश ढुल, विक्की ओस्तवाल, अभिषेक पोरेल, एनरिक नॉर्खिया, लुंगी एनगिडी।

### आरआर के पर्स में सिर्फ 14 करोड़ 50 लाख

## राजस्थान की नजर तेज गेंदबाज और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों पर

*पिछले साल आईपीएल में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही राजस्थान रॉयल्स इस साल अपनी सारी कामियों को दूर करने की कोशिश में है। ऑक्शन में राजस्थान की नजर मुख्य तौर पर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज, ऑलराउंडर्स और तेज गेंदबाजों पर होगी। राजस्थान ने अपने नौ खिलाड़ियों को रिलीज किया। ऑक्शन में जाने से पहले राजस्थान रॉयल्स के पर्स में सबसे कम पैसा है। यह टीम महज 14 करोड़ 50 लाख रुपए के साथ अपनी टीम की जरूरतों को पूरा करने उतरेगी।*

*राजस्थान रॉयल्स के पास 8 खिलाड़ियों की जगह है। इसमें से तीन विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। ऑलराउंडर के लिए डेरिल मिचेल, न्यूजीलैंड के जिम्मी नीशम पर तथा टीम किसी भारतीय को इस जगह के लिए चुनती है तो शार्दुल ठाकुर पर दांव लगा सकती हैं।*

### रिलीज किए गए खिलाड़ी

देवदत्त पडिक्कल (ट्रेड), जो रूट, जेसन होल्डर, केसी करिअप्पा, मुरुगन अश्विन, अब्दुल बासित, आकाश वशिष्ठ, ओबेड मैकॉय, केएम आसिफ, कुलदीप यादव

**ऑक्शन से पहले पूरी टीम**
संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, एडम ज़म्पा , अवेश खान (एलएसजी से)।

## खबर संक्षेप



### अश्विनी-तनीषा की जोड़ी रैंकिंग में 24वें स्थान पर

**नई दिल्ली**। पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला बैडमिंटन युगल टीम अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में चार पायदान चढकर 24वें स्थान पर पहुंच गई। 34 वर्ष की अश्विनी और 20 वर्ष की तनीषा ने इस साल जनवरी में साथ खेलना शुरू किया था। दोनों ने रविवार को गुवाहाटी मास्टर्स में चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन और यू चियेन हुइ को सीधे गेम में हराकर दूसरा सुपर 100 खिताब और तीसरा महिला युगल खिताब जीता। दोनों लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। अब उनके 16 टूर्नामेंटों में 44590 अंक हैं। भारत की ही गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली 19 टूर्नामेंटों में 49435 अंक के साथ 19वें स्थान पर हैं। लक्ष्य सेन पिछले दो सप्ताह से नहीं खेलने के बावजूद एक पायदान चढ़कर 17वें स्थान पर हैं।

### सीईओ पद से हट जायेंगे डब्ल्यूटीए चेयरमैन सिमोन

**वाशिंगटन**। डब्ल्यूटीए ने मंगलवार को घोषणा की कि स्टीव सिमोन महिला टेनिस टूर में अपनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारियां छोड़ देंगे जबकि कार्यकारी चेयरमैन की भूमिका में बने रहेंगे। डब्ल्यूटीए के शीर्ष पदों में आगामी बदलाव में एक नये सीईओ को नियुक्त किया जायेगा जो सिमोन को रिपोर्ट करेगा। वहीं डब्ल्यूटीए अध्यक्ष मिकी लॉलर भी पद छोड़ देंगी लेकिन उनकी जगह किसी को नहीं लाया जायेगा। वह 2014 से यह भूमिका निभा रही थीं। सिमोन ने कहा कि सीईओ पद के लिए महिला उम्मीदवार ढूंढने को तरजीह दी जायेगी।



### एमी खिताबी हैट्रिक पूरी करने की दौड़ में



**चेन्नई**। गत चैंपियन एमी कमानी ने मंगलवार को यहां 90वीं सीनियर राष्ट्रीय क्यू स्पोर्ट्स स्नूकर और बिलियर्ड्स प्रतियोगिता के 15-रेड महिला स्नूकर के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर खुद को इस आयोजन के तीसरे खिताब की दौड़ में बनाए रखा। महिलाओं की '6-रेड स्नूकर' का ताज दोबारा हासिल करने के दो दिन बाद एमी ने 15-रेड प्री-क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की स्नेंश्रा बाबू को 2-0 से हराया। वह इस तरह से एक ही वर्ष में तीन खिताब की सफलता को दोहराने के रास्ते पर है। एमी इससे पहले 2017 में ऐसा करने में सफल रही है। इस बीच, अनुभवी आर उमादेवी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली कर्नाटक की तिकड़ी का नेतृत्व किया जिसमें विद्या पिल्लई और पिछले साल की उपविजेता कीर्तन पांडियन भी शामिल है।

### क्रिकेट: कल से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में भिड़ेंगी दोनों टीमें

# इकलौते टेस्ट में भारतीय महिला टीम इंग्लैंड को टक्कर देने तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को टी-20 सीरीज में इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 1-2 से हार मिली है। अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से शुरू होने वाले इकलौते टेस्ट में आपस में भिड़ेंगी, जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मेजबान टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी।

यह टेस्ट नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेला जाएगा। बता दें कि टी-20 सीरीज में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में भी बरकरार रखा गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी टीम में चुनी गई हैं।

### रेणुका की अगुवाई में होगी गेंदबाजी

दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद अब रेणुका ठाकुर भारतीय तेज गेंदबाजी विभाग की अगुवाई करेंगी। रेणुका ने हाल ही में सम्पन्न हुई टी-20 सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। उनके अलावा मेघना सिंह, युवा तितास साधु और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा भी टेस्ट टीम में वापस लौटी हैं। अनकैप्ड सतीश शुभा को भी टीम में मौका मिला है।



### ऐसी है इंग्लैंड की टेस्ट टीम

हीदर नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड ने टेस्ट के लिए मजबूत टीम चुनी है। टीम में टैमी ब्यूमोंट और सोफी एक्लेस्टोन जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। एक्लेस्टोन टी-20 सीरीज में भी खेलती हुई नजर आई थी।
**इंग्लैंड की टेस्ट टीम:** हीदर नाइट (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), बेस हीथ (विकेटकीपर), नेट साइवर-ब्रंट, डेनियल व्याट, टैमी ब्यूमोंट, सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन, एम्मा लैंब, चार्ली डीन, लॉरेन बेल, केट क्रॉस और लॉरेन फिलर।

### भारत ने 15 में से सिर्फ 2 टेस्ट जीते

अब तक भारत और इंग्लैंड की टीमें कुल 15 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से इंग्लैंड ने सिर्फ 1 मैच जीता है। भारत को 2 में जीत मिली है। इनके अलावा 12 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। दिलचस्प रूप से पिछले 3 टेस्ट भिड़ंत में से 2 में भारत जीता है और 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। दोनों टीमें आखिरी बार 2021 में ब्रिस्टल टेस्ट में आपस में भिड़ी थी, जो ड्रॉ रहा था।

### दोनों टीमों के इन खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

भारत-इंग्लैंड महिला टेस्ट में सर्वाधिक रन मिताली राज ने बनाए हैं। पूर्व भारतीय दिग्गज ने इंग्लैंड के खिलाफ 12 पारियों में 51.10 की औसत से 511 रन बनाए हैं। उनके बाद इस सूची में अंजुम चोपड़ा (448) और चार्लोट एडवर्ड्स (413) हैं। भारत की नीतू डेविड ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 पारियों में 8 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के जीई मैककॉनवे ने 2 पारियों में 7 विकेट लिए हैं। उनके बाद पूर्णिमा राव और गोस्वामी ने 5-5 विकेट लिए हैं।

### भारतीय टेस्ट टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देओल, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़ और पूजा वस्त्राकर।

# भारत जूनियर हॉकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल में

### कल जर्मनी से होगा मुकाबला



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी विश्व कप में नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से खेलेगी। आखिरी क्वार्टर में रोहित ने लगातार छह पेनल्टी कॉर्नर बचाये और उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### दोनों टीमों के इन खिलाड़ियों दागे गोल

हाफटाइम तक डच टीम 2-0 से आगे थी लेकिन उसके बाद भारत ने वापसी की और दूसरे हाफ में चार गोल दागे। नीदरलैंड के लिये टिमो बोएर्स, पेपिन वान डेर हेडेन और ओलिवियर होर्टेनसियस ने गोल किये। भारत के लिये आदित्य लालागे, अराइजीत सिंह हुंडल, आनंद कुशवाह और कप्तान उत्तम सिंह ने गोल दागे।

### ऐसा रहा मैच का रोमांच

नीदरलैंड टीम ने पहले ही क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे बोएर्स ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में वान डेर हेडेन ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके टीम को 2-0 की बढत दिला दी जो हाफटाइम तक बनी रही। तीसरे क्वार्टर में भारत के अराइजीत सिंह ने लालागे के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में ही डच टीम ने फिर एक गोल दागकर बढ़त बनाई लेकिन वह काम न आई।

### अंडर 19 एशिया कप

## नेपाल को हराकर भारत पहुंच सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने 13 रन देकर सात विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने नेपाल को दस विकेट से हराकर अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नेपाल को 22.1 ओवर में सिर्फ 52 रन पर आउट करने के बाद हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 43 रन के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने सिर्फ 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पिछले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आठ विकेट से हारी भारतीय टीम को नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिये आखिरी लीग मैच हर हालत में जीतना था। पहले दोनों मैच हारकर नेपाल पहले ही दौड़ से बाहर हो चुका था।

### ऐसा रहा भारतीय टीम का प्रदर्शन

बड़ौदा के 18 वर्ष के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने किसी भी नेपाली बल्लेबाज को टिकने ही नहीं दिया। लिम्बानी का यह प्रदर्शन हालांकि अंडर 19 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने लाहौर में 2004 में जूनियर एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ 16 रन देकर नौ विकेट लिये थे। वहीं अर्शिन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े। नेपाल के लिये सर्वाधिक आठ रन हेमंत धामी ने बनाये। नेपाल का कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका।

## एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू

**नई दिल्ली**। चोटिल मीराबाई चानू की वापसी में और विलंब होगा क्योंकि ओलंपिक रजत पदक विजेता यह भारोत्तालक अगले साल फरवरी में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगी। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू अब भी अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान लगी 'हिप टेंडिनाईटिस' चोट से उबर रही हैं। 49 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेने वाली चानू ने आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री दो में भी कोई वजन नहीं उठाया। उम्मीद थी कि वह उज्बेकिस्तान के ताशकंद में तीन से 10 फरवरी तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप तक फिट हो जायेंगी लेकिन चानू ने कहा, "मैं इस बार एशियाई चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लूंगी बल्कि मैं विश्व कप में शिरकत करूंगी। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार एक भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप (थाईलैंड के फुकेट में 31 मार्च से 11 अप्रैल तक) में हिस्सा लेना अनिवार्य है।



## साउथ अफ्रीका ने 5 विकेट से जीता दूसरा टी-20, सूर्या-रिंकू के अर्धशतक बेअसर




एजेंसी ▶▶| पोर्ट एलिजाबेथ

मेजबान साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया है। इस जीत से साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में होगा। बारिश से प्रभावित इस मैच में अफ्रीकी टीम को डीएलएस मैथड के तहत 15 ओवर में 152 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था, जिसे अफ्रीकी बैटर्स ने महज 13.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन बनाए। भारतीय टीम की ओर से कप्तान सूर्यकुमार यादव (56 रन) और रिंकू सिंह ने (68 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सूर्या ने 17वां, जबकि रिंकू सिंह ने पहला अर्धशतक जमाया, लेकिन ये अर्धशतक टीम को जीत नहीं दिला सके।

### रियाद सीजन कप में 1 फरवरी को दोनों का आमना-सामना

# रोनाल्डो-मेसी की आखिरी व ऐतिहासिक भिड़ंत होगी

एजेंसी ▶▶| रियाद

दुनिया भर के फुटबालप्रेमियों को जिस मुकाबले का इंतजार था, वह एक फरवरी को सउदी अरब में होगा जब लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीमें आमने सामने होंगी। मेसी की टीम इंटर मियामी ने सोमवार को पुष्टि की कि वह सउदी अरब में रियाद सीजन कप खेलेगी। उसका सामना अल हिलाल से 29 जनवरी को और रोनाल्डो की टीम अल नस्त्र से एक फरवरी को होगा।

### सउदी अरब में होगा सामना

सउदी प्रो लीग में ये दोनों क्लब शीर्ष पर हैं और रोनाल्डो लीग में सर्वाधिक गोल कर चुके हैं। इंटर मियामी के खेल निदेशक क्रिस हेंडरसन ने कहा इन मैचों से हमें नये सत्र की तैयारी में मदद मिलेगी। अल हिलाल और अल नासर जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमें खुद को आजमाने का मौका मिलेगा।

### आखिरी बार हो सकता है सामना

दोनों खिलाड़ी पिछली बार इसी साल जनवरी में आमने-सामने आए थे। तब मेसी पीएसजी का हिस्सा थे। अल हिलाल और अल-नस्त्र ने मिलकर पीएसजी का सामना किया था। ऐसा कहा जा रहा है कि आखिरी मौका हो सकता है जब दोनों का सामना होगा। मेसी अब अमेरिकी फुटबॉल का हिस्सा हैं जबकि रोनाल्डो एशिया आ चुके हैं। ऐसे में उनके क्लब के एक-दूसरे के सामने आने की उम्मीद न के बराबर ही है।




### 35 बार हुआ है मेसी-रोनाल्डो का सामना

मेसी और रोनाल्डो क्लब और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 35 बार आमने सामने रहे हैं जिनमें से मेसी की टीम ने 16 और रोनाल्डो की टीम ने 10 मैच जीते हैं जबकि नौ मैच ड्रॉ रहे। इन मैचों में मेसी ने 21 गोल किये और 12 में सहायक रहे। रोनाल्डो ने 20 गोल किये और एक में सहायक रहे। मेसी और रोनाल्डो क्रमशः बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के लिये भी कई बार एक दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं।






# 22 दिसंबर को 'ड्राई डे' का वैश्विक प्रीमियर...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी अमेजन ऑरिजिनल मूवी 'ड्राई डे' की वैश्विक प्रीमियर की घोषणा की है। सौरभ शुक्ला द्वारा निर्देशित और एम्मे एंटरटेनमेंट के मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी और निखिल आडवाणी द्वारा निर्मित इस फिल्म में जितेंद्र कुमार, श्रिया पिलगांवकर और अन्नू कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। 'ड्राई डे' 22 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर हिंदी में और तमिल, तेलगु, मलयालम और कन्नड़ में डब के साथ 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रीमियर की जाएगी। यह मूवी प्राइम सदस्यता में नवीनतम शामिल की गई है।

लाइफ Style

# तृप्ति अब विक्की संग करेंगी रोमांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेशनल क्रश का खिताब अपने नाम करने वाली तृप्ति डिमरी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। जानकारी के मुताबिक, तृप्ति जल्द ही विक्की कौशल के साथ नजर आने वाली हैं।

सोशल मीडिया पर दोनों के अगले प्रोजेक्ट की कुछ फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें दोनों के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'मेरे महबूब मेरे सनम' की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं, जिनकी फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन तले बनी फिल्म 'मेरे महबूब मेरे सनम' का डायरेक्शन आनंद तिवारी कर रहे हैं। 'मेरे महबूब मेरे सनम' में एम्मी विर्क, अंगद बेदी और नेहा धूपिया जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग की जा रही है। यह फिल्म अगले साल 23 फरवरी को रिलीज हो सकती है।

वहीं, अगर तृप्ति डिमरी की फिल्म 'एनिमल' और विक्की की फिल्म 'सैम बहादुर' के बारे में बात करें तो दोनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर 11 दिन हो चुके हैं और इन दिनों में तृप्ति की फिल्म कमाई के मामले में आगे चल रही हैं, जिसने अपनी रिलीज के दूसरे हफ्ते में 450 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया और वहीं विक्की की फिल्म ने 58.55 करोड़ की कमाई कर ली है।



## हॉलीवुड मसाला




# हैली ने दिया स्टाइलिश पोज

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी ग्लैमरस फोटोज को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ब्लैक लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में हैले बीबर ब्लैक गाउन में नजर आ रही हैं। न्यूड मेकअप और लो बन से उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है और कैमरे के सामने स्टाइलिश पोज दे रही हैं।




# एश्ले ने किया बेबी बंप फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार एश्ले बेंसन इन दिनों अपने प्रेग्नेंसी पीरियड को एंजॉय कर रही हैं। एश्ले पति ब्रैंडन डेविस संग अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगी। प्रेग्नेंट एश्ले को अक्सर लॉस एंजेलिस की सड़कों पर स्पॉट किया जाता है। हाल ही में हसीना पति ब्रैंडन डेविस संग आउटिंग पर निकली। इस दौरान एश्ले बेंसन ब्लैक हुडी और ब्लू डेनिम जींस में स्टाइलिश लग रही हैं। इस ब्लैक हुडी में हसीना बड़े ही कॉन्फिडेंस से बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। नो मेकअप लुक में भी एश्ले बेहद खूबसूरत लग रही हैं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वहीं उनके पति ब्लैक स्वेटर और ग्रे जींस में हैंडसम लग रहे हैं।



# बिना इजाजत देश नहीं छोड़ सकतीं जरीन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान को 2018 में हुए धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए जरीन खान को निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी हालांकि वह बिना इजाजत देश छोड़कर नहीं जा सकती। मालूम हो कि कुछ महीने पहले ही धोखाधड़ी केस में जरीन खान के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। साल 2018 में जरीन को कोलकाता में एक दुर्गा पूजा प्रोग्राम में परफॉर्म करना था। उन्होंने प्रोग्राम के ऑर्गनाइजर्स से इसके लिए एडवांस में 12 लाख रुपए भी ले लिए थे लेकिन जरीन खान न तो प्रोग्राम में पहुंचीं और ना ही किसी को बताया। ऑर्गनाइजर्स जरीन के आने का इंतजार करते रहे पर एक्ट्रेस ने कुछ रिस्पॉन्स नहीं दिया। यह देख ऑर्गनाइजर्स ने तब जरीन खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवा दिया था।



# पायलट के किरदार में छाए करण...

**मुंबई।** सिद्धार्थ आनंद की एक्शन से भरपूर फिल्म 'फाइटर' में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के साथ करण सिंह ग्रोवर भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। दीपिका, ऋतिक और अनिल कपूर के बाद करण सिंह ग्रोवर का फिल्म से पहला लुक सामने आ गया है। साल 2024 की मच अवेटेड फिल्मों में 'फाइटर' का नाम भी शुमार हो गया है। फाइटर मूवी से करण सिंह ग्रोवर का पहला लुक सोशल मीडिया पर जारी किया गया। मेकर्स द्वारा शेयर किए गए पोस्टर में करण एयरफोर्स पायलट के किरदार में हैंडसम लग रहे हैं। फिल्म में अभिनेता स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल की भूमिका में दिखाई देंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी बिग बजट फिल्म 'फाइटर' गणतंत्र दिवस के ठीक एक दिन पहले 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है।

## टीवी मसाला



# क्या बंद होने जा रहा है ये रिश्ता क्या कहलाता है

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री का फेमस शो ये रिश्ता क्या कहलाता है पिछले कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में अब तक काफी कुछ बदलाव देखने को मिले। बीते दिनों शो की सारी कास्ट में बदलाव देखने को मिला था। इन दिनों शो में लीप देखने को मिल रहा है, लेकिन इसी के साथ-साथ शो की पॉप्युलैरिटी भी घट रही है। शो की नई कास्ट दर्शकों को खास पसंद नहीं आ रही है। ऐसे में अब खबर है कि शो बंद होने जा रहा है। ऐसे में अब दर्शकों का एक ही सवाल है कि क्या शो बंद होगा या नहीं। प्रणाली राठौड़ और हर्षद चोपड़ा के शो छोड़ने के बाद दर्शकों को नई कास्ट पसंद नहीं आ रही हैं। इतना ही नहीं कई लोगों का कहना है कि इस शो को गुम है किसी के प्यार में सीरियल की तरह पेश किया जा रहा है, जिसके लगातार सीरियल की टीआरपी गिर रही है। ऐसे में अब एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला यानी अभिरा ने एक इंटरव्यू में कहा है कि, इस बारे में मेरे पास कोई ऑफिशियली जानकारी नहीं आई है। उन्होंने आगे कहा कि, जब तक आपके पास कोई ऑफिशियल नोटिस न हो, मुझे लगता है कि हम इसे अफवाह ही कहेंगे। मुझे नहीं लगता कि ऐसा हो रहा है। समृद्धि ने कहा कि सोशल मीडिया पर बहुत सी गलत सूचनाएं सर्कुलेट होती रहती हैं। यह भी उनमें से ही एक है। पूरी टीम बहुत मेहनत से काम कर रही है।



# वेलकम टू द जंगल में दिशा की दमदार एंट्री

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर लगातार कई अपडेट्स सामने आ रही है, जो फिल्म में नजर आने वाले कलाकारों और शूटिंग शेड्यूल से जुड़ी है। अपडेट के मुताबिक, इस फिल्म में अब दिशा पटानी की भी दमदार एंट्री हो चुकी है और उन्होंने मुंबई में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने एक्सक्लूसिव खुलासे में यह बताया, दिशा ने ऑफिशियल तौर पर इस फिल्म की मुंबई में शूटिंग शुरू कर दी है। खास बात यह है कि दोनों अक्षय और दिशा पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं, जिसको लेकर उनके फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।

# बॉलीवुड दिग्गजों को पछाड़ा, गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गई कियारा

***मुंबई। गूगल ने अपनी ईयर इन सर्च 2023 की लिस्ट जारी की है। तमाम कैटेगरीज में रिलीज की गई। इस लिस्ट में मोस्ट सर्च पीपल और मोस्ट सर्च एक्टर्स की लिस्ट भी जारी की गई है। इसमें एक नाम ऐसा है, जो दोनों लिस्ट में शामिल है। रिलीज की गई लिस्ट में ग्लोबल स्तर पर भी उस एक्ट्रेस का जलवा देखने को मिला है, जो इसी साल दुल्हनिया बनी हैं।***

## गूगल ने जारी की लिस्ट

हम बात कर रहे हैं कियारा आडवाणी की। एक्ट्रेस इस साल की सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले लोगों में से एक हैं। टॉप ट्रेंडिंग सर्च लिस्ट में सिद्धार्थ मल्होत्रा, एल्विश यादव, शुभम गिल का नाम शामिल है। वहीं, ग्लोबल स्तर पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले एक्टर्स में कियारा इकलौती हैं, जिनका इंडियन सेलिब्रिटी के तौर पर नाम शामिल है।



## कियारा ने मारी बाजी

कियारा आडवाणी वैश्विक स्तर पर 2023 में सबसे ज्यादा खोजे जानी वाली एक्ट्रेस में से एक हैं। इस लिस्ट में उन्हें 9वां स्थान मिला है। वहीं, सबसे ज्यादा सर्च किए गए लोगों में वह पहली पोजिशन पर हैं। कियारा आडवाणी ने इस साल 7 फरवरी को राजस्थान के सूर्यगढ़ पैलेस में एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी की थी। एक्ट्रेस की शादी काफी सुर्खियों में रही। वहीं, इस साल उनकी मूवी 'सत्यप्रेम की कथा' रिलीज हुई, जिसने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक बिजनेस किया। यह कियारा की 2023 की सिंगल रिलीज मूवी है।

## गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए गए ये लोग

कियारा आडवाणी, शुभम गिल, रचिन रविंद्र,मोहम्मद शमी, एल्विश यादव, सिद्धार्थ मल्होत्रा, ग्लेन मैक्सवेल, डेविड बैकहेम, सूर्यकुमार यादव, ट्रैविस हेड है। वहीं हॉलीवुड एक्टर्स में जेरेमी रेनर, जेन्ना ऑरटेग, इचीकवा इन्नोसूक,डैनी मास्टरन, पेड्रो पास्कल, जेमी फॉक्स, ब्रेंडन फ्रासर, रसेल ब्रांड है।



# डंकी का ओ माही सॉन्ग आउट

**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म डंकी रिलीज होने को तैयार है। 21 दिसंबर को मूवी सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस कड़ी में फिल्म की रिलीज से पहले फिल्म के गाने 'ओ माही ओ माही' का टीजर सामने आया है। गाने में शाहरुख खान रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। 'ओ माही' सॉन्ग को तापसी पर फिल्माया गया है। बता दें कि डंकी में तापसी पन्नू, शाहरुख खान के अपोजिट नजर आने वाली हैं। एक्टर ने 'ओ माही' सॉन्ग के वीडियो की झलक एक्स पर शेयर की है। जब से फिल्म के नाम से पर्दा उठा था, तभी से फैंस का सवाल था, कि 'डंकी' का क्या मतलब होता है। 'आस्क एसआरके' सेशन में भी कई बार फिल्म के नाम का मतलब पूछा गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930